वैशाख शुक्ल पक्ष चतुर्थी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 303 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

01 मई 2025 गुरुवार

आज का मौसम

40 अधिकतम

25 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

## एनआईए चीफ पहुंचे पहलगाम, हमले के मास्टरमाइंड मूसा की घेराबंदी

# अटारी बार्डर खुली रहेगी, एयरस्पेस 23 तक बंद, नए कूटनीतिक कदम




**नई दिल्ली, एजेंसी।**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ एक और अहम कूटनीतिक कदम उठाते हुए पाकिस्तानी एयरलाइंस के लिए अपने हवाई क्षेत्र के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया। पाकिस्तान द्वारा भारतीय विमानन कंपनियों को अपने हवाई क्षेत्र का उपयोग करने से रोक लगाने के एक सप्ताह बाद भारत सरकार ने यह फैसला लिया है। पाकिस्तान के सैन्य विमानों के लिए भी प्रतिबंध लागू रहेगा। अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंध आज दोपहर 12 बजे से शुरू होगा और 23 मई तक लागू रहेगा। पाकिस्तान के खिलाफ नवीनतम कदम पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर भारत सरकार द्वारा किए गए विभिन्न उपायों का हिस्सा है। वैसे तो भारत और पाकिस्तान के बीच कोई सीधी उड़ान नहीं है। लेकिन, पाकिस्तानी एयरलाइंस सिंगापुर, मलेशिया और अन्य पूर्वी एशियाई देशों में अपनी उड़ानों के लिए भारतीय हवाई क्षेत्र का उपयोग करती हैं। ताजा आदेश से पाकिस्तान की एयरलाइंस का सारा शेड्यूल गड़बड़ा जाएगा,आपरेटिंग लागत भी बढेगी और यात्री भी घट सकते हैं। इधर भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को राहत देते हुए केंद्र सरकार ने उन्हें अगले आदेश तक वाघा-अटारी सीमा के रास्ते लौटने की अनुमति दे दी है। गृह मंत्रालय ने अपने पहले आदेश में कहा था कि 30 अप्रैल को यह बॉर्डर बंद हो जाएगी। लेकिन अब तय किया गया है कि इसे अगले आदेश को खुला रखा जाए। वहीं यह भी खबरें हैं कि पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड हाशिम मूसा और उसके साथी अभी भी कश्मीर में हैं और भारतीय सेना ने इन्हें घेर लिया है। हालांकि आतंकी हमले को 8 दिन बीत चुके हैं।आज नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के चीफ सदानंद दाते पहलगाम पहुंचे हैं। वे घटनास्थल जाएंगे। जहां आतंकियों ने 26 पर्यटकों की हत्या कर दी थी। यहां जांच एजेंसी इलाके की 3 डी मैपिंग करेगी ताकि क्राइम स्पॉट को बेहतर ढंग से समझा जा सके। आतंकी कहां से आए थे और किस रास्ते से गए। इसकी जानकारी मिल सकेगी। सूत्रों के मुताबिक, आतंकियों ने हमला करने से पहले चार स्थानों पर रेकी की थी। इसमें बायसरन के अलावा अरु वैली, बेताब वैली और एम्यूजमेंट पार्क शामिल है। पहलगाम हमले के बाद बढ़ते तनाव के बीच अब पाकिस्तान ने अपनी खुफिया एजेंसी आईएसआई चीफ लेफ्टिनेंट जनरल असीम मलिक को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बना दिया है। इधर गत दिवस भारत सरकार ने भी एनएसए बोर्ड का नए सिरे से गठन किया है। रिसर्च एंड एनालिसिस विंग यानी रॉ के पूर्व प्रमुख आलोक जोशी को इसका नया चेयरमैन बनाया है।

### पाक ने झंडे लगाए, अमेरिका से मांगी मदद

■ पाकिस्तान ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर चौकियों पर अपने झंडे फिर लगा दिए हैं। एक दिन पहले पाक ने चौकियों से झंडे हटा दिए थे। इस बीच पाकिस्तान ने अमेरिका से मदद मांगी है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अमेरिका से अपील की है कि वह भारत पर जिम्मेदारी से पेश आने और बयानबाजी कम करने का दबाव बनाए। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से शरीफ ने बात की है। इसके बाद रुबियो ने बीती रात शहबाज शरीफ और भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से फोन पर बात की।

## वेव्स सिर्फ शब्द नहीं, यूनिवर्सल कनेक्ट की लहर : मोदी



■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मुंबई में वर्ल्ड आडियो विजुअल इंटरटेनमेंट समिट यानि वेव्स का उद्घाट्न किया। उन्होंने एक हजार से अधिक क्रिएटर्स का उत्साह बढ़ाया। वेव्स चार दिवसीय कार्यक्रम मीडिया और मनोरंजन जगत को साथ ला रहा है। वेव्स की टैगलाइन है- 'कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज'। इसमें 90 से अधिक देशों की भागीदारी है। मोदी ने कहा कि आज यहां मुंबई में 100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता एक साथ एक ही छत के नीचे एकत्र हुए हैं। एक तरह से आज यहां वैश्विक प्रतिभा और वैश्विक रचनात्मकता के एक वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र की नींव रखी जा रही है। वेव्स सिर्फ एक संक्षिप्त शब्द नहीं है। ये एक लहर है- संस्कृति की, रचनात्मकता की, यूनिवर्सल कनेक्ट की। उन्होंने कहा, 'वेव्स एक ऐसा वैश्विक मंच है, जो आप जैसे हर कलाकार, हर क्रिएटर का है। जहां हर कलाकार, हर युवा एक नए विचार के साथ रचनात्मक दुनिया के साथ जुड़ेगा। आज 1 मई है। आज से 112 साल पहले 3 मई, 1913 को भारत में पहली फीचर फिल्म राजा हरिश्चंद्र रिलीज हुई थी, इसके निर्माता दादासाहेब फाल्के जी थे और कल ही उनकी जन्मजयंती थी। बीती एक सदी में भारतीय सिनेमा ने भारत को दुनिया के कोने-कोने में ले जाने में सफलता पाई है।'

## वादाखिलाफी करके निकल गए सलूजा



**प्रसंगवश**
**राजेश सिरोठिया**

मैं द्रवित, व्यथित हूं। वादाखिलाफी करके नरेंद्र सिंह सलूजा अचानक हमको छोड़कर चले गए। अभी सर्दियों की गुलाबी दोपहर ही तो थी, प्रदेश भाजपा के परिसर में नरेंद्र सलूजा के साथ प्रदेश भाजपा के संवाद प्रभारी आशीष अग्रवाल के साथ हम किस्सागोई में मशगूल थे। बात चल रही थी कमलनाथ की पंद्रह महीने की सरकार की। अग्रवाल के साथ कुछ और मीडिया प्रवक्ता मेरे साथ सरकार और उनके कारिंदों के सा। कमलनाथ सरकार के कामकाज के तौर तरीकों और की चर्चा मशगूल था। हर कोई कमनालाथ के काकस और उनकी कोटरी की किस्सागोई में मशरूफ था। बात चलते चलते अचानक विस्फोटक अंदाज में नरेंद्र सलूजा फट पड़े। कहा - आप लोग जो बातें कर रहे हैं, वह दस फीसदी भी नहीं है। मुझे जितनी जानकारियां हैं और कमलनाथ को जितनी नजदीकी से जानता हूं, उतना कोई नहीं जानता। मैं उनकी रग-रग से वाकिफ हूं। मैं जिस दिन आपना मुंह खोल दूंगा उस दिन तूफान आ जाएगा। एक खबरची के नाते मेरा चौंकाना स्वाभाविक था। पहले मुझे लगता है कि नरेंद्र सलूजा कमलनाथ के साथ इसलिए साए की तरह नजर आते है कि क्योकि वह इसके जरिए 1984 के दंगों में दिल्ली में लगे दागो को वह धोने का संदेश देना चाहते हैं। लेकिन नरेंद्र सिंह सलूजा बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। वे नाथ के दाग धोने के साथ और अन्य राजनीतिक कामों के लिए उपयोगी थे।

बहरहाल मैंने सलूजा से निवेदन किया कि यदि आपके पास और भी गहरे राज हैं तो उनका खुलासा क्यों नहीं करते? एक नेता या प्रवक्ता के नाते डिजीटल टीवी में यह मेरा पहला खुलासा होगा। नरेंद्र भाई ने वादा करते हुए कहा कि राजेश भाई मेरा वादा है कि यह काम मैं आपके चैनल से ही शुरू करूंगा। लेकिन व्यस्तताएं खुछ ऐसी रही कि वह मौका ही नहीं जुट पाया और वादाखिलाफी हो गई। शायद मेरी तरफ से भी और और नरेंद्र भाई की ओर भी। लेकिन जो राज नरेंद्र भाई के दिल में दफन थे वह दफन ही रह गए, राजों को अपने दिल में दफन करते हुए नरेंद्र भाई हमको छोड़कर चले गए।



उनके कामकाज की शैली हमने कांग्रेस प्रवक्ता के बतौर भी देखी और भाजपा प्रवक्ता के रूप में भी। उनका व्यवहार सदा एक सा रहा। कांग्रेसस प्रवक्ता के रूप में भी उन्होंने अपना धर्म बखूबी निभाया और जब उन्हें भाजपा में प्रवक्ता का दायित्व मिला तब भी कांग्रेस की धुलाई करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। कांग्रेस में आने के बाद भी उन्हें कांग्रेस के नेताओं से पहले यह खबर लग जाती थी कि वहां दरअसल हो क्या रहा है। पहले ट्विटर और बाद में एक्स पर उनकी खबरें लोगों को पढ़ जाना मिल जाती थी। एक दिन तो सभी को जाना है लेकिन इतनी कम उम्र में उनका असामयिक निधन भाजपा को लंबे अरसे तक चुभेगा।



## मई में तपेगा मध्यप्रदेश 48 तक पहुंचेगा पारा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश में मई महीने में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। पिछले दस साल में राजस्थान और उत्तर प्रदेश बॉर्डर से जुड़े मप्र के जिलों में तापमान कई बार 48 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। इस बार भी ऐसी ही गर्मी पड़ सकती है। हालांकि, मई के पहले सप्ताह में बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। आखिरी सप्ताह में सबसे ज्यादा तपिश होगी। इससे पहले आज दिनभर गर्मी रहने के बाद शाम में कई शहरों में तेज आंधी का अनुमान है। कल भी यही स्थिति थी। बैतूल के पिपरिया गुरुवा गांव में 100 फीट ऊंचा बीएसएनएल टावर गिर गया। हादसे में चार बैल मारे गए, जबकि दो घायल हो गए। वहीं, इंदौर में शाम को तेज हवा चलने से पेड़ गिर गया। अभी सबसे गर्म मालवा-निमाड़ यानी इंदौर और उज्जैन संभाग के शहर हैं। भोपाल में भी तेज धूप है हालंकि कल यहां हल्की बारिश का अनमान भी है। मध्यप्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान बारिश, आंधी वाला मौसम रहा। नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, उज्जैन, इंदौर, शाजापुर, राजगढ़, भोपाल, हरदा, रतलाम, खंडवा, देवास, सीहोर, अनूपपुर, डिंडौरी और नर्मदापुरम में हल्की बारिश हुई। तेज आंधी भी चली। शाजापुर में सबसे ज्यादा 73 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चली।

## बेकाबू होकर कार डिवाइडर से टकराई, चार युवकों की मौत

**गुना, दोपहर मेट्रो।** एक कार के बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराने से हादसे में शादी समारोह से लौट रहे चार युवकों की मौत हो गई। वहीं 3 युवक घायल हैं। इनमें से एक गंभीर को भोपाल भेजा गया है। आशंका है कि कार को पीछे से किसी वाहन ने टक्कर मार दी।



इससे कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा देर रात 2.30 बजे भदौरा के पास हुआ। शिवपुरी जिले के कोलारस में रिजौदा गांव से बारात गुना के मावन गांव में आई थी। शादी में शामिल होने के बाद कुछ युवक कार से रिजौदा जाने के लिए निकले थे। हादसे में रिजौदा गांव के रहने वाले गोविंद रघुवंशी सोनू( 35 ) वीरू ( 24 ) और हितेश ( 24 ) की मौत हो गई। वहीं सुदीप ) सुमित रवि( 22 ) घायल हैं। सुदीप को गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया है।

## प्रवेश वर्मा ने पंजाब पर दिल्ली का पानी रोकने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने पंजाब की आम आदमी पार्टी ( आप ) सरकार पर दिल्ली और हरियाणा का पानी रोकने का आरोप लगाते हुए कहा कि पंजाब सरकार गंदी राजनीति कर रही है।



श्री वर्मा ने गुरुवार को 'एक्स' पर पंजाब सरकार पर पानी रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''पंजाब सरकार हरियाणा और दिल्ली का पानी रोककर गंदी राजनीति पर उतर आई है। दिल्ली में हारने के बाद अब दिल्ली में जल संकट पैदा करना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम दिल्ली में साफ़ और हर घर में पानी देने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं और अब पंजाब सरकार दिल्ली की जनता से ऐसे बदला लेना चाहती है। बंद करो ये गंदी राजनीति वरना पंजाब से भी जाओगे।'' उल्लेखनीय है कि हरियाणा के मु यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को कहा था कि पंजाब सरकार द्वारा पानी रोकने से दिल्ली में जल आपूर्ति बाधित हो सकती है।

## न्यूजीलैंड में खराब मौसम को लेकर आपातकाल की घोषणा

**वेलिंगटन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड में गुरुवार को मौसम खराब होने के कारण देश के एक हिस्से में आपातकाल घोषित कर दिया गया। साउथ आइलैंड में भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गई है और लोगों को उनके घरों से निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।



न्यूजीलैंड के आपातकालीन प्रबंधन एवं रिकवरी मंत्री मार्क मिशेल ने गुरुवार अपराह्न में संवाददाता स मेलन में कहा कि क्राइस्टचर्च में आपातकाल की स्थिति लागू हो गई है। राष्ट्रीय मौसम प्राधिकरण मेटसर्विस ने कहा कि कैंटरबरी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में बुधवार सुबह से गुरुवार अपराह्न तक 100 से 180 मिमी बारिश दर्ज की गई है। वहीं कुछ हिस्सों में उस समय एक महीने की दोगुनी से भी अधिक बारिश हुई है।

## एनआईए को राणा के वाइस सैंपल लेने की कोर्ट से मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अदालत ने एनआई को को 26/11 मुंबई हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के वॉयस और हैंडराइटिंग सैंपल लेने की इजाजत दे दी है। NIA स्पेशल कोर्ट के जज चंद्रजीत सिंह ने यह फैसला दिया। राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पण के बाद 10 अप्रैल को स्पेशल प्लेन से भारत लाया गया था। एक टीम उसे लाने गई थी।



प्रत्यर्पण टॉप-सीक्रेट मिशन 'ऑपरेशन राणा' के तहत हुआ था। भारत लाने के बाद 10 अप्रैल को दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में उसे पेश किया गया था। उसके बाद उसे NIA की कस्टडी में भेज दिया गया था। 30 अप्रैल को कोर्ट ने कस्टडी 12 मई तक बढ़ाई थी। राणा को शिकागो में अक्टूबर 2009 में अमेरिकी एजेंसी FBI ने गिरफ्तार किया था। उस पर मुंबई के 26/11 और कोपेनहेगन में आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए जरूरी सामान मुहैया कराने का आरोप था।

**मेट्रो एंकर**

## महीने की पहली तारीख को फिर कई नियमों में हुआ बदलाव

# कमर्शियल सिलेंडर सस्ता दूध महंगा, वेटिंग टिकट पर सफर पड़ेगा महंगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

आज फिर महीने की पहली तारीख है और इस नए महीने की शुरूआत के साथ ही फिर कई नियम भी प्रभावी हो गये हैं जो लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर असर डालेंगे। मई के इस बदलावा में अमूल का दूध 2 रुपए महंगा हो गया है। वहीं एटीएम में फ्री लिमिट के बाद पैसा निकालने पर ज्यादा चार्ज देना होगा। इसके अलावा अब रेलों में वेटिंग टिकट पर स्लीपर और एसी कोच में सफर नहीं कर सकेंगे। वहीं 19 किलो वाला कॉमर्शियल सिलेंडर 17 तक सस्ता हो गया है। हालांकि पेट्रोल डीजल के दाम यथावत हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमतों में कमी के बाद भारत में भी इनकी कीमतों में कटौती की उम्मीदें लोगों को हैं लेकिन फिलहाल यह कीमतें नहीं बदली गई हैं। घरेलू गैस सिलेंडर के दाम भी इस बदलाव से अछूते हैं। उल्लेखनीय है कि मदर डेयरी और वेरका ब्रांड के बाद अमूल ने भी देशभर में दूध के दाम में 2 रुपए लीटर की बढ़ोतरी का ऐलान पहले कर दिया था। नई कीमतें आज गुरुवार,से लागू हो गई है। अमूल स्टैंडर्ड, अमूल बफैलो मिल्क, अमूल गोल्ड, अमूल स्लिम एंड ट्रिम, अमूल चाय मजा, अमूल ताजा और अमूल काऊ मिल्क की कीमतों में 2 रुपए की बढ़ोतरी हुई है।



### ATM से पैसा निकालना महंगा

भारतीय रिजर्व बैंक ने आज से एटीएम से विड्रॉल चार्ज को रिवाइज किया है। पांच ट्रांजेक्शन की फ्री मंथली लिमिट समाप्त होने के बाद, ग्राहकों को अब प्रति लेनदेन 23 का भुगतान करना होगा। पहले प्रति लेनदेन पर 21 रुपए का चार्ज लगता था। यह शुल्क 2022 में लागू किया गया था। इसी तरह भारतीय रेलवे के नए नियम के अनुसार, वेटिंग लिस्ट टिकट वाले यात्रियों को अब स्लीपर या एसी कोच में यात्रा करने की अनुमति नहीं होगी। जिन यात्रियों के टिकट वेटिंग लिस्ट में हैं, वे अब केवल जनरल कोच में ही यात्रा कर सकेंगे। अगर कोई यात्री वेटिंग टिकट पर एसी या स्लीपर कोच में यात्रा करता हुआ पाया जाता है, तो उस पर क्रमश 440 और 250 रू जुर्माना लगेगा। इसका उद्देश्य यात्रा में सुविधा बढ़ाना और कोच में भीड़भाड़ कम करना है। इसके अलावा ऐसे मामले में ट्रेन के शुरुआती स्टेशन से लेकर उस स्टेशन तक का किराया भी यात्री को देना होगा, जहां उसे पकडा गया है।

### ग्रामीण बैंको का विलय

आज से 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के विलय का चौथा चरण लागू हो गया है। सरकार ने कहा है कि 10 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश में 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का विलय का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं को बेहतर बनाने के साथ ऑपरेटिंग कॉस्ट को कम करना है। मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक और मध्यांचल ग्रामीण बैंक का विलय कर मप्र ग्रामीण बैंक बनाया गया है। इसका मुख्यालय इंदौर में। महाराष्ट्र ग्रामीण बैंक और विदर्भ कोंकण ग्रामीण बैंक का विलय कर महाराष्ट्र ग्रामीण बैंक बनाया गया है। इसका मुख्यालय संभाजीनगर में है।

### न अफसरों को परवाह न जनप्रतिनिधियों को सुध

# कलियासोत डैम से चूना भट्टी चौराहे तक की सड़क की लंबे समय से दुर्दशा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

कलियासोत डैम से निकलने वाली नहर के साथ चूना भट्टी चौराहे तक एक रोड अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। इस नहर का निर्माण सी.पी.ए. द्वारा किया गया था। अब तो सीपीए या?नि राजधानी परियोजना बंद हो चुका है लेकिन तब सी.पी.ए. ने डामर रोड बना दिया था। परन्तु आज तक इसकी मरम्मत कभी नहीं हुई। 2010 से यह रोड लोक निर्माण विभाग को ट्रांसफर हो गया और बजट लोक निर्माण विभाग को



संयुक्त रूप से दिया जाता है परन्तु यह सड़क मध्य शहर के होते हुए भी हमेशा आँखों से ओझल हो गई और विगत 15 वर्षों से इसकी कोई मरम्मत नहीं हुई है जो नागरिकों को परेशान कर रही है।

इस रोड पर आवागमन काफी तीव्र गति से होता है। बिना हेलमेट के बाइक वाले चूनाभट्टी चौराहे से वाल्मी की ओर जाने वाले यहां से निकलते है। लोडिंग गाड़ियां, बड़ी कारें, ऑटो, ट्रकों का लगातार यहां से आना-जाना लगा रहता है। प्रातः और शाम को सैर पर जाने वाले बुजुर्ग मुश्किल से वहां से निकल पाते हैं। वे कभी भी दुर्घटना के शिकार हो सकते है। लोक निर्माण विभाग और प्रशासन को इसकी सुध नहीं है जबकि लोगों ने कई बार स्थानीय अफसरों व जनप्रतिनिधियों से इसकी शिकायत की है। इस मार्ग को अतिक्रमण से मुक्त करने की भी जूरत बताई है।

### कचराघर बनी जीवनरेखा

चूना भट्टी तक यह नहर बहुत महत्वपूर्ण है। इससे भोपाल व रायसेन जिले तक सिंचाई होती है, इसे किसानों की जीवन रेखा भी कहा जाता रहा है, मगर यह जगह कचरा घर बन गई है। नहर में बड़ी-बड़ी घासें ऊग आई है और लगता है कि नहर कभी भी टूट सकती है। यदि ध्यान नहीं दिया गया तो आगामी बरसात में नहर टूटने से किसानों को भी नुकसान होगा और लोगों को भी।

### उपभोक्ता फोरम का फैसला, टॉयलेट में आधे घंटे फंसी रही महिला यात्री

# ट्रेन कोच का टॉयलेट हुआ लॉक, रेल्वे पर लगा 40 हजार रू का जुर्माना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उपभोक्ता फोरम ने रेलवे के खिलाफ हाल में एक अहम फैसला सुनाया है, इसमें रेलवे को यात्री के साथ सेवा में कमी करने के लिए 40 हजार रुपये का हर्जाना चुकाने का आदेश दिया है। यह मामला एक मुसाफिर को सफर में हुई असुविधा का है। बताया जाता है कि उमेश पांडे नामक भोपाल के रविदास नगर निवासी अपनी पत्नी संग त्रिकूल एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे थे। तब लगभग 37 घंटे की इस यात्रा के दौरान ट्रेन के कोच में कई तकनीकी खामियां सामने आईं। मिडल बर्थ की चैन का लॉक खराब था, बर्थ फटी हुई थी, टॉयलेट सीट टूटी थी और टॉयलेट के गेट का लॉक भी खराब था। लेकिन इस पूरे मामले का सबसे बड़ा और चौंकाने वाला मोड़ तब आया जब उमेश पांडे की पत्नी टॉयलेट गईं।यहां दरवाजे का लॉक खराब होने के कारण वह अंदर ही फंस गईं। वह सूचना भी नहीं दे पा रहीं थीं क्योंकि उनका मोबाइल फरियादी के पास था, जिससे वह उनसे संपर्क भी नहीं कर पाईं। आधे घंटे तक महिला टॉयलेट में फंसी रहीं, जबकि आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। किसी तरह से लोगों की मदद से गेट खोला गया। इस शिकायत के बाद रेलवे ने तर्क दिया कि ट्रेन को ज्यादा देर तक रोकने का सवाल नहीं था, इसलिए समस्या का समाधान नहीं हो सका।



### स्पेशन ट्रेनों के बावजूद जगह नहीं

इस पूरे मामले में हाल में उपभोक्ता फोरम ने रेलवे की दलील को नकारते हुए कहा कि रेलवे ने यात्री की शिकायत का समाधान नहीं किया। फोरम ने भारतीय रेलवे को आदेश दिया कि वह उमेश पांडे और उनकी पत्नी को 30 हजार रुपये का मुआवजा और 10 हजार रुपये का हर्जाना वाद व्यय के रूप में चुकाए। इधर गर्मियों में ट्रेनों में भीड बढने के चलते रेल्वे ने नई ट्रोनों समेत स्टेशनों पर भी यात्री सुविधाओं के कई दावे कर रखे हैं। सबसे बडी समस्या तो सफर की ही है। क्योंकि यात्रियों को सीट नहीं मिल रही है। वेटिंग लंबी है और इंतजाम कम पड रहे हैं। हालांकि रेल्वे का कहना है कि 16 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाई गई हैं। नियमित ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने इन विशेष ट्रेनों का संचालन शुरू किया है, ताकि यात्री आरामदायक और सुविधाजनक सफर कर सकें।

### मप्र के 23 स्टेशनों से गुजर रही विशेष गाड़ियां

ये स्पेशल ट्रेनें भोपाल मंडल के विभिन्न स्टेशनों से होकर गुजर रही हैं। इसमें गुजरात, बिहार, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु सहित 10 राज्यों के अनेक स्टेशनों पर यह ट्रेनें रुक रही हैं। ये ट्रेनें भोपाल मंडल सहित राज्य के 23 स्टेशनों से होकर अलग अलग तारीखों में चल रही हैं। इनमें प्रमुख स्टेशन जैसे भोपाल, इटारसी, जबलपुर, गुना, शिवपुरी, रानी कमलापति, नर्मदापुरम, हरदा, विदिशा, बीना, सतना, कटनी, उज्जैन, रतलाम, शाजापुर, पचोर रोड, बियावरा राजगढ़, रूठियाई, बदरवास, पिपरिया, नरसिंहपुर, गाडरवारा, मक्सी जंक्शन, संत हिरदाराम नगर, मैहर, नागदा जंक्शन, अशोक नगर, मुंगावली, मंडी बामौरा, कोलारस, गंज बासौदा और चाचौड़ा बीनागंज शामिल हैं।

### 20 देशों के 30 अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को विदिशा जिले के हसुआ गांव ले जाया गया

# अंतर्राष्ट्रीय छात्रों भारत अनफिल्टर्ड कार्यक्रम में ग्रामीण भारत का अनुभव किया



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन ऑफ स्टूडेंट्स एंड यूथ के भोपाल चैप्टर ने भारत अनफिल्टर्ड- गांव से विश्व तकष् नामक एक अनूठे सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया।**

इस कार्यक्रम के तहत 20 देशों के 30 अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को मध्यप्रदेश के विदिशा जिले के हसुआ गांव ले जाया गया। ये छात्र वर्तमान में भोपाल के विभिन्न यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे हैं और उन्होंने ग्रामीण भारतीय जीवन शैली में खुद को पूरी तरह से डुबो दिया, जिससे सांस्कृतिक समझ और मित्रता को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम की शुरुआत गांव वालों द्वारा छात्रों का पारंपरिक संगीत, पटाखों और पगड़ी बांधकर स्वागत करने से हुई। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के साथ बातचीत की, उनके घरों का दौरा किया और घर पर बने भारतीय भोजन का आनंद लेते हुए ग्रामीण आतिथ्य की वास्तविक अनुभूति की। सांस्कृतिक आदान-प्रदान को और बढ़ाते हुए, गांव के बच्चों ने छात्रों को पिठू (एक पारंपरिक भारतीय खेल) खेलने के लिए आमंत्रित किया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।



### बेटियां समाज में बोझ नहीं, हर परिवार की होती हैं शान : रामेश्वर

# फंदा में 151 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे, भेंट की रामचरितमानस



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

अक्षय तृतीया पर हरिहर नगर, फंदा में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत एक भव्य सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया, जिसमें 151 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सात फेरे लेकर अपने नए जीवन की शुरुआत की। विधायक रामेश्वर शर्मा ने सभी नवविवाहित जोड़ों को उनके वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मंच से नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना जैसे सामाजिक कल्याण कार्यक्रम बेटियों और उनके परिवारों को सामाजिक, मानसिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हैं।

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत आयोजित इस समारोह में नवविवाहित जोड़ों और उनके परिवारों के लिए भोजन, आवास, कपड़े, श्रृंगार सामग्री, पंडितों की व्यवस्था, मंच, मंडप और अन्य सभी आवश्यक सुविधाओं का उचित प्रबंध किया गया था। बेटियों को उनकी दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुएं भी उपहार में दी गईं।

शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बेटियां समाज में बोझ नहीं, बल्कि हर परिवार की शान होती हैं। जिस परिवार में बेटियां जन्म लेती हैं, वह परिवार खुशियों से भर जाता है। बेटियों का कन्यादान करने का सौभाग्य प्राप्त होना, यज्ञ करने के समान फलदायी होता है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री कन्यादान योजना यह सुनिश्चित करती है कि बेटियां परिवारों पर बोझ न बनें और उनके विवाह की चिंता से पिता को परेशान न होना पड़े। यह योजना कई परिवारों के लिए वरदान साबित हुई है। विधायक ने 151 जोड़ों को रामचरितमानस भेंट करते हुए उन्हें सुखमय वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रत्येक जोड़े से प्रतिदिन अपने घर में रामचरितमानस का पाठ करने का आग्रह भी किया।

# ओरल कैंसर को कुछ ही मिनट में डिटेक्ट करेगा मोबाइल एप

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** एम्स ने अब एक ऐसा मोबाइल ऐप विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है, जो केवल कुछ मिनटों में ओरल कैंसर और उससे जुड़ी गंभीर स्थितियों की प्रारंभिक स्क्रीनिंग कर सकेगा। इससे मुंह के कैंसर की पहचान जल्द हो सकेगी। इस परियोजना को मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एमपीसीएसटी) से 7.4 लाख रुपए का अनुसंधान अनुदान प्राप्त हुआ है। जिसकी पहली किस्त 3.7 लाख



रुपए जारी की जा चुकी है। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक डॉ. अजय सिंह का कहना है कि यह मोबाइल ऐप डिजिटल तकनीक के माध्यम से जनस्वास्थ्य को नया आयाम देगा।बताया जाता है कि यह दो वर्षीय रिसर्च प्रोजेक्ट एम्स भोपाल के ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ. अंशुल राय के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस रिसर्च में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, पैथोलॉजी और सामुदायिक चिकित्सा विभागों के विशेषज्ञ भी शामिल हैं। यह ऐप न केवल कैंसर की आशंका वाले लक्षणों की पहचान करेगा, बल्कि उपयोगकर्ताओं को तंबाकू, सुपारी और धूम्रपान के खतरे समझाकर उन्हें छोड़ने के लिए प्रेरित भी करेगा। इस अनुसंधान में डॉ. अंशुल राय के अलावा डॉ. सैकत दास, डॉ. दीप्ति जोशी, डॉ. अंकुर जोशी, प्रो. अभिनव सिंह भी शामिल हैं।

# हज के लिए राजधानी से पहला जत्था रवाना



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हज यात्रा के तहत राजधानी से दूसरी फ्लाइट सऊदी अरब के मक्का के लिए रवाना हुई, इस फ्लाइट से कुल 110 हाजी रवाना हुए। जानकारी के अनुसार, इस फ्लाइट में मूल रूप से 106 हाजियों को भेजा जाना था, लेकिन वीजा संबंधित तकनीकी कारणों से जो चार हाजी यात्रा नहीं कर सके थे, उन्हें भी इस उड़ान में शामिल किया गया। हाजियों की संख्या बढ़ने और व्यवस्थाओं में अतिरिक्त समय लगने के कारण फ्लाइट करीब 20 मिनट की देरी से रवाना हुई। फ्लाइट का निर्धारित समय सुबह 8ः30 था, लेकिन यह 8ः50 बजे भोपाल एयरपोर्ट से उड़ान भर सकी। सभी हाजियों को रवाना करने से पहले एयरपोर्ट पर धार्मिक रस्में अदा की गईं और उन्हें प्रशासन की ओर से शुभकामनाएं दी गईं। बताया जा रहा है कि हज यात्रा में मध्यप्रदेश से करीब 8,300 हाजी सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का पहुंचेंगे। हाजियों को बेहतर सुविधा और सुरक्षा मुहैया कराने के लिए राज्य हज कमेटी और प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। अधिकारियों के मुताबिक, आने वाले दिनों में भोपाल से और भी फ्लाइट्स हाजियों को लेकर रवाना होंगी। सभी हाजियों की मेडिकल जांच, वीजा और पासपोर्ट से जुड़े दस्तावेज पहले ही सत्यापित किए जा चुके हैं।

### मेट्रो एंकर - मुकेशजी महाराज के सानिध्य में पूर्ण ज्योति सेवा संस्था कर रही सेवा

# भूखों को भोजन, प्यासों को पानी अभियान में जुटे सेवादारी

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

पूर्ण ज्योति सेवा संस्था %भोले का दरबार% मानव सेवा के कार्यों में समर्पित है। शिव महापुराण कथावाचक एवं संस्था के संस्थापक श्री मुकेश जी और उनके अनुयायी तथा भोले के दरबार के सेवादार इस सेवा कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं।

इसी कड़ी में, संस्था द्वारा हाल ही में शुरू किए गए अभियान %भूखे को अन्न, प्यासे को पानी% के तहत प्रति सोमवार भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस सेवा के माध्यम से जरूरतमंद और भूखे लोगों तक भोजन पहुंचाया जाता है। इस सोमवार को, यह सेवा राजधानी के हमीदिया अस्पताल परिसर में की गई, जहां 500 से अधिक जरूरतमंद लोगों को प्रेमपूर्वक भोजन कराया गया।

इस अवसर पर मुकेशजी ने कहा कि पूर्ण ज्योति सेवा संस्था का मुख्य लक्ष्य इस सेवा को वास्तविक जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाना



है, ताकि उन गरीब परिवारों का भरण-पोषण हो सके जो दो वक्त की रोटी के लिए भी संघर्ष करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी को अच्छा भोजन मिले और सभी स्वस्थ रहें, इसी नेक कामना के साथ पूर्ण ज्योति सेवा संस्था भूखे को अन्न, प्यासे को पानी% मिशन चला रही है। इस सेवा कार्य में श्री मुकेशजी के साथ हीरो फैंस क्लब के अध्यक्ष हीरो हिंदू, भाजपा नेता महेश खटवानी, प्रभु दास मूलचंदानी, नानक ददलानी, शिवांश शर्मा, हरीश छुगानी, महेश छुगानी, हीरो वतनानी, शेरु रिजवानी, राजू रामानी, साहित्यकार राकेश तुलसानी, प्रवीण होतवानी, शमी गंगवानी, मीडिया प्रभारी अशोक तनवानी, प्रकाश मीणा, माधु घनश्यानी, राजकुमार दादवानी, चंद्र कुमार ज्ञानचंदानी आदि अनेक सेवाभावी व्यक्ति सक्रिय रूप से शामिल रहे और अपना सहयोग प्रदान किया।

### ऑनलाइन और आफ लाइन आवेदन के जरिए तबादला आवेदन

# तबादला आवेदन की खिड़की खुली, मगर सहमति के बावजूद नीति का खुलासा नहीं!

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**प्रदेश में आज से अब 30 मई तक तबादलों का मौसम शुरू हो गया है। कर्मचारियो को इसे लेकर बहुत उत्सकुता भी है। अब राजधानी भोपाल और जिला मुख्यालयों में तबादले का इंतजार कर रहे अधिकारी-कर्मचारी ऑनलाइन और आफ लाइन आवेदन के जरिए अपनी पसंद की जगह पर तबादला कराने के लिए आवेदन करेंगे।**

इस दौरान राज्य स्तर से जारी होने वाले हर आदेश को संबंधित विभाग के ई-ऑफिस में रजिस्टर कराने के बाद ही जारी किया जा सकेगा। हालांकि तबादले की मंजूरी



के 36 घंटे बाद भी सामान्य प्रशासन विभाग अभी तक 2025 की नई तबादला नीति जारी नहीं कर सका है।

उल्लेखनीय है कि राज्य मंत्रिपरिषद ने 29 अप्रैल को हुई कैबिनेट बैठक में तबादलों को हरी झंडी दे दी है। इसके बाद अब आज गुरुवार से आवेदन लेने और आदेश जारी करने का काम शुरू हो जाएगा। मंत्रियों ने सरकार से स्वैच्छिक आवेदन वाले तबादलाआदेश को तबादला नीति में तय सीमा से अलग रखने की मांग की थी। लेकिन सीएम ने स्वैच्छिक आधार के तबादलों को भी इसी में शामिल रखने के निर्देश दिए हैं। बतायाजाता है कि ई-ऑफिस मॉड्यूल में ट्रांसफर फाइल के मूवमेंट से यह पता लग जाएगा कि जिस अधिकारी-कर्मचारी का ट्रांसफर किया जा रहा है, उसकी फाइल तबादले के लिए तय समय सीमा में ही मूव की गई है। जो फाइल 30 मई की रात 12 बजे के बाद मूवकी जाएगी, उस तबादले को मंजूरी नहीं दी जाएगी।

### आज साफ होगी स्थिति

इस स्थिति के बारे में मंत्रियों को भी बता दिया गया है। उनसे कहा गया है कि फाइल का मूवमेंट तय तारीख तक होने के बाद आदेश भले ही अगले दिन जारी हो जाए, लेकिन तबादले की समय सीमा के बाहर काम नहीं होना चाहिए। मगर हालात यह है कि नई तबादला नीति को मंजूरी देने के 36 घंटे से अधिक समय बीतने के बावजूद सामान्य प्रशासन विभाग नई तबादला नीति जारी नहीं कर सका। ऐसे में विभागों के कर्मचारी आज से तबादले के लिए आवेदन भले ही करने लगेंगे पर किस आधार पर तबादले किए जाएंगे, अभी यह विभाग प्रमुखों को स्पष्ट नहीं है। सिर्फ पद संख्या के आधार पर किए जाने वाले तबादलों का प्रतिशत ही कैबिनेट की मंजूरी में साफ हुआ है। लेकिन विभागों को इसकी भी लिखित जानकारी नहीं है। बताया जा रहा है कि सामान्य प्रशासन विभाग आज दोपहर तक नई तबादला नीति के निर्देश जारी करेगा।

# सलूजा का अंतिम संस्कार कल



कुछ दिन पहले नरेंद्र सलूजा का यह फोटो सामने आयाथा जिसमें उन्होंने जो पुस्तक हाथ में ले रखी है इसका शीर्षक है डेथ।

**भोपाल/इंदौर, दोपहर मेट्रो।**

मप्र भाजपा के प्रवक्ता और इंदौर के नेता नरेंद्र सलूजा का हार्ट अटैक से निधन होने के बाद कांग्रेस व भाजपा नेताओं के बीच उनकी ही बाते जारी हैं। दोनों दलो के नेताओं ने उन्हें श्रध्दांजलि दी हैं। सलूजा का कल इंदौर में अंतिम संस्कार होगा। उनकी बेटी के अमेरिका से लौटने का इंतजार किया जा रहा है। सलूजा दो दिन से सीहोर के एक रिसार्ट में शादी के कार्यक्रम में थे। तबीयत बिगडने पर वह इंदौर रवाना हो गए और घर पहुंचते ही वे बेहोश होकर गिर पड़े। परिजनों ने बताया कि उन्हें सीहोर में रात से ही तकलीफ हो रही थी। उनकी पत्नी और मित्रों ने जब उन्हें हॉस्पिटल में दिखाने के लिए कहा तो उन्होंने कहा की हॉस्पिटल में दिखाने की जरूरत नहीं है। मुझे सिर्फ एसिडिटी हो रही है। जिसके बाद वह शादी समारोह बीच में ही छोड़कर घर के लिए निकल गए। राजनीतिक तौर पर सलूजा मूलतः कांग्रेसी थे और लंबे समय तक कमलनाथ के करीबी रहे। कांग्रेस के मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी उन्होंने संभाली। लेकिन 25 नवंबर 2022 को अचानक वह बीजेपी में चले गए। बताया जाता है कि बीजेपी ज्वॉइन करने के फैसले से उनके परिवार तक के सदस्य चौंक गए थे। माना जाता है कि किसी बात से आहत होकर उन्होंने कांग्रेस छोड़ बीजेपी ज्वॉइन कर ली थी। वह अगले महीने अमेरिका में बेटी के पास जाने की तैयारी में थे।

### 2025-27 के लिए कुल 66 भारतीय छात्रों और पांच विदेशी छात्रों का प्रवेश होगा

# एनएलआईयू : एमसीएलआईएस में प्रवेश के लिए 4 मई तक आवेदन, 11 मई को परीक्षा




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय (एनएलआईयू) में पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम मास्टर ऑफ सायबर लॉ एंड इंफार्मेशन सिक्योरिटी (एमसीएलआईएस) में प्रवेश के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यार्थी 4 मई तक आवेदन कर सकेंगे। इस दौरान पीएचडी के आवेदन भी जमा किए जाएंगे। एनएलआईयू प्रवेश परीक्षा 11 मई को लेगा। मास्टर ऑफ साइबर लॉ एंड इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी (प्रोग्राम में बैच 2025-27 के लिए कुल 66 भारतीय छात्रों और पांच विदेशी छात्रों का प्रवेश होगा। उक्त कोर्स में प्रवेश लेने के लिए प्रवेश परीक्षा 150 नंबर की होगी। यह ऑल इंडिया लेवल पर आयोजित की जाएगी। वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 150 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक की निगेटिव मार्किंग होगी। प्रवेश परीक्षा 11 मई है। परीक्षा भोपाल, बैंगलूरू, हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई में होगी।


### पर्याप्त आवेदन नहीं पहुंचे

आवेदन करने की अंतिम तिथि पूर्व में तीस अप्रैल रखी गई थी। पर्याप्त संख्या में आवेदन नहीं मिलने के कारण अंतिम तिथि में चार दिन की बढ़ोतरी की गई है।

### 50 प्रतिशत स्नातक में अंक जरूरी

इस कोर्स में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री प्राप्त करनी चाहिए। जिसमें कुल मिलाकर कम से कम 50 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड हो।

# जातिगत गणना सीएम बोले ऐतिहासिक निर्णय



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा जातिगत जनगणना के फैसले को ऐतिहासिक करार दिया है। कहा कि आजादी के बाद किसी भी प्रधानमंत्री ने ऐसा साहसिक निर्णय नहीं लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने 24 दलों की गठबंधन सरकार चलाई थी, लेकिन मोदी ने पूर्ण बहुमत से जो फैसले लिए हैं, वो युग परिवर्तन ला रहे हैं। लेकिन राहुल गांधी अब कह रहे हैं कि जातिगत जनगणना उनकी मांग पर हुई, जबकि उनके पूर्वजों की सरकारें यह निर्णय नहीं ले सकीं। यादव ने कहा कि यह फैसला वंचितों और पिछड़ों को नीति निर्माण के केंद्र में लाता है। यह सबका साथ, सबका विकास की दिशा में बड़ा कदम है।

## प्रदर्शन




भोपाल के इतवारा चौराहे पर मजदूर दिवस पर कम्युनिस्ट पार्टी का प्रदर्शन।

# पटवारी बोले राहुल की जीत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने जातिगत जनगणना के निर्णय को राहुल गांधी की साहसिक मांग की परिणित बताया है। उन्होंने कहा कि राहुल ने हमेशा यही आह्वान किया कि जातिगत जनगणना के माध्यम से हम समाज के सबसे कमजोर और उपेक्षित वर्गों की आवाज को सुन सकें, ताकि उनका हक और न्याय सुनिश्चित हो सके। यह कदम सिर्फ आंकड़े नहीं, बल्कि उन लाखों-करोड़ों लोगों की उम्मीद और अधिकार का प्रतीक है, जिनकी आवाज अब तक अनसुनी है। राहुल गांधी की दूरदर्शिता और संघर्ष की जीत हुई है।

### संगठन विस्तार के लिए प्रदेश अध्यक्ष ने जारी किया मिस्ड कॉल नंबर 9425433566

# आज से आप का सदस्यता अभियान होगा शुरू, मिस्ड कॉल नंबर जारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आम आदमी पार्टी 1 मई मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में मजदूरों का सम्मान कर अपने सदस्यता अभियान का प्रदेश में श्रीगणेश कर रही है। जिसमे प्रदेश में जगह जगह सदस्यता अभियान के लिए शहरों में टेबल लगाकर एवं ग्राम ग्राम जाकर प्रदेश को नंबर वन बनाने के लक्ष्य को लेकर अपने संगठन का विस्तार करने के लिए 1 मई से 15 मई तक प्रथम चरण का सदस्यता अभियान प्रारम्भ कर रही है। इसके अंतर्गत ऑनलाइन सदस्यता के लिए बुधवार को समारोह में प्रदेश अध्यक्ष एवं सिंगरौली महापौर रानी अग्रवाल ने सदस्यता के लिए मिस्ड कॉल का नंबर लांच किया। रानी अग्रवाल ने मिस्ड कॉल को लांच करते हुए कहा की प्रदेश में भी बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला सुरक्षा, महंगाई पर लगाम लगाने जैसे विभिन्न क्षेत्रों में दिल्ली पंजाब मॉडल की तरह सुविधाओं के के लिए आम आदमी पार्टी के सदस्य बने और प्रदेश की डबल इंजन सरकार के भ्रष्टाचार, बदहाल कानून व्यवस्था के लिए संगठित होकर संघर्ष कर मध्यप्रदेश को खुशहाल प्रदेश बनाने की लिए अपनी अपनी आहुति प्रदान करें। और हमारे मिस्ड कॉल नंबर 9425433566 पर मिस्ड कॉल कर प्रदेश के सर्वांगीण विकास एवं काम की राजनीति हेतु सदस्यता ग्रहण करें।




# सीआईएससीई के रिजल्ट में भोपाल के निलोत्मा, रिद्धिमा, आयान अव्वल

**भोपाल।** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (सीआईएससीई) ने दसवीं-बारहवीं के रिजल्ट घोषित कर दिए है। इसमें भोपाल की मेधावी स्टूडेंट निलोत्मा सिंह ने कक्षा 12वीं में 99.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। ह्यूमैनिटीज की स्टूडेंट निलोत्मा ने इतिहास, राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र में 100 प्रतिशत अंक हासिल किए। 12वीं कक्षा में पीसीएम (फिजिक्स केमेस्ट्री मैथ्स) स्ट्रीम से रिद्धिमा गोहिया ने 99.25 प्रतिशत और आयान खान ने ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में 99.25 प्रतिशत अंकों के साथ आगे रहे हैं। माउंट कार्मेल स्कूल की वंशिका आर्या पीसीएम में 97 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। जबकि, 10वीं में जसकीरत कौर ने 98.6 प्रतिशत अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया। माउंट कार्मेल स्कूल के युवराज राजपूत 98 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे।



### उच्च शिक्षा विभाग ने प्रोफेसरों और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए जारी किए सख्त दिशा-निर्देश

# सार्थक एप में दर्ज उपस्थिति के आधार पर प्रोफेसरों का वेतन




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सरकारी और अनुदान प्राप्त कॉलेजों में पढ़ाने वाले प्रोफेसर्स को भी अब अपनी उपस्थिती का रिकॉर्ड भी देना होगा। उच्च शिक्षा विभाग ने प्रोफेसरों, सहायक प्रोफेसरों, लाइब्रेरियन, क्रीड़ा अधिकारियों और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए सख्त निर्देश जारी कर दिए हैं। नई व्यवस्था के तहत अगर कोई भी शैक्षणिक या गैर-शैक्षणिक कर्मचारी कॉलेज में हर कार्य दिवस पर कम से कम छह घंटे की उपस्थिति दर्ज नहीं करता है, तो उस दिन का वेतन नहीं दिया जाएगा। वेतन सार्थक एप में दर्ज उपस्थिति के आधार पर ही बनेगा। हर माह की 30 तारीख तक वेतन तैयार करना होगा, जिसमें सार्थक एप की रिपोर्ट और दैनिक छह घंटे की उपस्थिति का स्पष्ट उल्लेख अनिवार्य होगा।

### लगातार मिल रही शिकायतों के बाद लिया निर्णय

प्रदेश के कई कॉलेजों में उपस्थिति को लेकर सरकार को लगातार शिकायतें मिल रही थी। ऐसे में छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होने के साथ ही शासकीय संसाधनों का दुरुपयोग भी होता है। जिसके बाद टेक्नोलॉजी आधारित निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। अब हर कर्मचारी की उपस्थिति सार्थक एप के जरिए रीयल टाइम में रिकॉर्ड की जा रही है।

### नई व्यवस्था से कर्मचारियों की नियमितता बढ़ेगी

इस नई व्यवस्था से कर्मचारियों की नियमितता बढ़ेगी। किसी कॉलेज में इस प्रणाली का पालन नहीं होता है, तो संबंधित प्राचार्य और डीडीओ (ड्रॉइंग एंड डिस्वर्सिंग ऑफिसर) को उत्तरदायी ठहराया जाएगा।



## संपादकीय

# पड़ोसियों का कुचक्र

युध्द के मंडराते हुए बादलों के बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अपने बयान में पहलगाम के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने की बात कही है, लेकिन लगता है कि इससे बात नहीं बनेगी। दरअसल, जब तक स्थायी सदस्य के रूप में चीन आतंक को सहारा देने वाले पाकिस्तान को बचाता रहेगा, तब तक किसी तरह के बदलाव की उम्मीद करना बेमानी है। पहलगाम पर यूएनएससी के बयान की भाषा बेहद कमजोर लगती है। 2019 के पुलवामा अटैक के बाद आए बयान से भी कमजोर मानी जा रही है। तब सभी देशों से भारत सरकार के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करने का आह्वान किया गया था। इस बार की अपील सभी संबंधित अधिकारियों के साथ सहयोग करने की है। इसमें भारत सरकार शब्द होने से पाकिस्तान पर ज्यादा दबाव पड़ता। लेकिन, उसे बचाने के लिए एक बार फिर चीन आगे आ गया। आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान सुधर नहीं सकता, अतीत ने कम से कम इतना तो सिखा दिया है, लेकिन चीन का रवैया भी कम सवालों के घेरे में नहीं। दुर्भाग्य से उसकी आतंकवाद को लेकर कोई एक नीति नहीं है। पाकिस्तान में जब चीनी नागरिकों को निशाना बनाया जाता है, तब चीन को उसमें आतंकवाद नजर आता है, लेकिन मौका मिलने पर वह मसूद अजहर जैसे आतंकियों को बचाने से गुरेज नहीं करता। ऐसा नहीं है कि चीन मुस्लिमों का रहनुमा है। उसने अपने शिनच्यांग प्रांत को दुनिया की सबसे बड़ी जेल में तब्दील कर रखा है। चीनी संस्कृति का ज्ञान देने के नाम पर वीगर मुस्लिमों को डिटेंशन कैंपों में रखा जाता है। इसके खिलाफ कई मानवाधिकार संगठन आवाज उठा चुके हैं, लेकिन चीन का कहना है कि उसकी लड़ाई आतंकवाद और अलगाववाद के खिलाफ है। दुर्भाग्य से, बात जब भारत की आती है, तो आतंकवाद को लेकर पेइचिंग का नजरिया बदल जाता है। भारत-चीन के रिश्ते उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं और इसकी बुनियाद में सीमा विवाद है। पाकिस्तान को वह भारत को परेशान करने के टूल के रूप में इस्तेमाल करता आया है। हालांकि नई दिल्ली को अब इस बारे में स्पष्ट बात करनी चाहिए। एक तरफ कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर शुरू होने जा रही है, जो रिश्तों में बेहतरी दिखाती है और दूसरी ओर पाकिस्तान का बचाव, यानि चीन दोहरी चाल नहीं चल सकता। पहलगाम की तटस्थ जांच के लिए पाकिस्तान का प्रस्ताव बताता है कि वह कमजोर और अलग-थलग पड़ रहा है। भारत के पक्ष को दुनिया बेहतर ढंग से समझ रही है। यही बात चीन को भी समझानी होगी। इधर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव पर अहम बयान में कहा है कि संयम बरतने की अपील की। उनका कहना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध के विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। यह टकराव दुनिया को बर्दाश्त नहीं है। दोनों देश ऐसे कदम उठाने से बचें, जिनके परिणाम दुखद हो सकते हैं। यह बात सही है लेकिन पाकिस्तान व चीन जैसे देशों पर कैसे लगाम लगे इस पर संयुक्त राष्ट में भी ज्यादा बडा मंथन जरूरी नजर आता है। जहां तक भारत का सवाल है वह पाकिस्तान से अपना बदला लेने में बहुत सक्षम है। प्रधानमंत्री ने इस सिलसिले में सेना प्रमुखों और मंत्रियों के साथ मंत्रणा का चक्र पूरा कर लिया है,इसी भर से पाकिस्तान में हडकंप मचा हुआ है। जाहिर है कि भारत को इस बार पाकिस्तान का निर्णायक इलाज करना होगा,चाहे वह किसी भी रास्ते से किया जाए।

# जीवन प्रत्याशा पर तपिश की मार

■ ज्ञानेन्द्र रावत

**हीटवेव से सबसे अधिक खतरा बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं, फेफड़ों की बीमारी से ग्रस्त लोगों, और निर्माण व श्रम कार्यों से जुड़े लोगों को होता है। पहले से बीमार लोग विशेष रूप से अधिक संवेदनशील होते हैं और उन्हें अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।**



देश इन दिनों हीटवेव की चपेट में है, जिसकी तीव्रता लगातार बढ़ती जा रही है। क्लाईमामीटर की नई रिपोर्ट के अनुसार, 1950 से अब तक की तुलना में वर्तमान हीटवेव औसतन चार डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म हो चुकी है। यह अंतर यूरोपीय मौसम एजेंसी कापरनिक्स के आंकड़ों के विश्लेषण से सामने आया है। अध्ययन में स्पष्ट किया गया है कि मौजूदा उष्ण लहरें पहले की तुलना में अधिक घातक हैं और इसके लिए मुख्य रूप से मानव जनित जलवायु परिवर्तन जिम्मेदार है, जो अब मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुका है।हालिया रिपोर्ट के अनुसार, हीटवेव की तीव्रता में वृद्धि के पीछे मानव जनित जलवायु परिवर्तन है। भारत में हीटवेव के साथ-साथ मौसम संबंधी कई बदलाव देखे गए हैं, जैसे सतह के वायु दबाव में वृद्धि, हवाओं की गति में कमी, तापमान पैटर्न में बदलाव और नमी में वृद्धि। रिपोर्ट बताती है कि पिछले 80 वर्षों में महानगरों में अत्यधिक गर्मी वाले दिनों की संख्या तीन गुना बढ़ गई है। जहां 1940 के दशक में समुद्री सतह पर सालाना औसतन 15 दिन अत्यधिक गर्मी दर्ज होती थी, वह अब बढ़कर 50 दिन हो गई है। प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, समुद्री हीटवेव अब अधिक तीव्र और दीर्घकालिक हो गई हैं, जो वैश्विक तापमान वृद्धि का सीधा परिणाम है।

तापमान में निरंतर वृद्धि के चलते घातक लू की घटनाओं में बीते दशकों में तेजी से वृद्धि हुई है। आंकड़ों के अनुसार, हर वर्ष दुनिया भर में औसतन 1.53 लाख से अधिक लोगों की मौत लू के कारण होती है, जिनमें से पांचवां हिस्सा भारत में होता है। इसके बाद चीन और रूस में सबसे अधिक मौतें दर्ज की गई हैं। एशिया में गर्मियों के दौरान होने वाली कुल मौतों में लगभग 50 प्रतिशत और यूरोप में 30 प्रतिशत से अधिक मौतें लू से जुड़ी होती हैं। हालिया अध्ययन से यह भी सामने आया है कि जलवायु परिवर्तन ने अप्रैल महीने में पूरे एशिया में हीटवेव की तीव्रता को काफी बढ़ा दिया है, जिससे अरबों लोग प्रभावित हुए हैं। स्विट्ज़रलैंड स्थित ईटीएच ज्यूरिख यूनिवर्सिटी के एक हालिया अध्ययन के अनुसार, यदि प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों की घटनाएं इसी प्रकार बढ़ती रहीं तो भविष्य में लू से संबंधित मौतों की दर और अधिक बढ़ने की आशंका है। वर्ष 2003 में यूरोप में तापमान 47.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, जिससे लू के कारण 45 हजार लोगों की मौत हुई थी। पिछले 20 वर्षों में यह संख्या एक लाख के करीब पहुंच चुकी है। वर्ष 2013 से किए गए एक वैश्विक अध्ययन में, जिसमें दुनिया के 47 देशों के 748 शहरों में गर्मी से जुड़ी मृत्यु दर के आंकड़े जुटाए गए, यह स्पष्ट हुआ है कि लू की घटनाओं में कहीं भी कमी नहीं आई है। इसके विपरीत, इनसे होने वाली मौतों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, खासकर यूरोप, दक्षिण एशिया, लैटिन अमेरिका, अमेरिका और कनाडा जैसे क्षेत्रों में बढ़ोतरी हुई है। वैज्ञानिकों ने कार्बन डाइआक्साइड में हुई रिकार्ड बढ़त और तापमान में लगातार होती बढ़ोतरी के चलते हीटवेव की भयावहता की आशंका व्यक्त की है।

हीटवेव की बढ़ती तीव्रता और घातकता के चलते देश की 80 प्रतिशत आबादी और 90 प्रतिशत क्षेत्रफल इसके जोखिम की जद में आ सकता है। यदि इससे निपटने के लिए त्वरित कदम नहीं उठाए गए तो भारत को सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, हीटवेव मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक खतरनाक है, जिससे डिहाइड्रेशन, हीटस्ट्रोक और मृत्यु तक हो सकती है। हीटवेव से सबसे अधिक खतरा बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं, फेफड़ों की बीमारी से ग्रस्त लोगों, और निर्माण व श्रम कार्यों से जुड़े लोगों को होता है। पहले से बीमार लोग विशेष रूप से अधिक संवेदनशील होते हैं और उन्हें अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

बीते वर्षों में हीटवेव ने हर महाद्वीप को प्रभावित किया है, जिससे जंगलों में आग की घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है। साल 2022 का अप्रैल बीते 122 वर्षों में सबसे गर्म रहा। अनुमान है कि आने वाले 26 वर्षों में लगभग 60 करोड़ लोग इससे सर्वाधिक प्रभावित होंगे। इससे 31 से 48 करोड़ लोगों की जीवन गुणवत्ता में गिरावट आएगी। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, पिछला दशक अब तक का सबसे गर्म दशक रहा है और 2025 में वैश्विक गर्मी के नए रिकॉर्ड बनने की आशंका है। यदि तापमान वृद्धि को नियंत्रित नहीं किया गया, तो सदी के अंत तक गर्मी के कारण 1.5 करोड़ लोगों की जान जोखिम में पड़ सकती है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के अनुसार, प्रमुख जीवाश्म ईंधन कंपनियों द्वारा अत्यधिक तेल और गैस उत्सर्जन से वैश्विक तापमान खतरनाक स्तर तक पहुंचने की आशंका है। यदि मौजूदा उत्सर्जन स्तर 2050 तक जारी रहा, तो 2100 तक यह स्थिति लाखों लोगों की मौत का कारण बन सकती है। शोध बताता है कि हर एक मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन से 226 अतिरिक्त हीटवेव घटनाओं में वृद्धि होती है। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु समिति का कहना है कि वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए 2030 तक कार्बन उत्सर्जन में 43 प्रतिशत की कटौती अनिवार्य है। लेकिन धरती की गर्म होने की रफ्तार अनुमानों से कहीं ज्यादा तेज है। यदि उत्सर्जन पर अंकुश नहीं लगा, तो सदी के अंत तक तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है, जिससे धरती की जीवन-योग्यता ही संकट में पड़ सकती है।

लेखक पर्यावरणविद?् हैं।

## आज का इतिहास

- 1886 - अमेरिका के शिकागो में कामगारों के लिए काम के घंटे तय करने को लेकर हड़ताल, मजदूर दिवस मनाने की शुरुआत।
- 1897 - स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की।
- 1908 - प्रफुल्ल चाकी ने मुजफ्फरपुर बम कांड को अंजाम देने के बाद खुद को गोली मारी।
- 1914 - कार निर्माता फोर्ड वह पहली कंपनी बनी जिसने अपने कर्मचारियों के लिए आठ घंटे काम करने का नियम लागू किया।
- 1945 - सोवियत लाल सेना का बर्लिन में प्रवेश।
- 1960 - महाराष्ट्र और गुजरात अलग-अलग राज्य बने।
- 1972 - देश की कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण।
- 1984 - फू दोरजी बिना ऑक्सीजन के माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने में सफल।
- 1993 - श्रीलंका के राष्ट्रपति रणसिंघे प्रेमदास की बम विस्फोट में मृत्यु।
- 1996 - संयुक्त राष्ट्र ने स्वयं को सरकारी तौर पर निर्धन घोषित किया।
- 1998 - पोलैंड,हंगरी और चेक गणराज्य को नाटो में शामिल करने संबंधी प्रस्ताव सीनेट में पारित।
- 1999 - नेपाल में मृत्युदंड की सज़ा समाप्त।
- 2000 - अंतरराष्ट्रीय अन्तर संसदीय संघ ने पाकिस्तान,आइवरी कोस्ट व सूडान को देश की संसद भंग करने के लिए संघ की सदस्यता से निलंबित किया।
- 2001 - लश्कर-ए-तोइबा व जैश-ए-मोहम्मद संयुक्त राज्य अमेरिका में आतंकवादी संगठन घोषित,भारत संयुक्त अमेरिकी की विशेष 301 सूची में शामिल।
- 2002 - अमेरिका की अपील पर इजराइल ने हेब्रोन से सेना हटाई।
- 2003 - अमेरिकी राजनयिक पाल ब्रोमर की इराक के प्रशासक पद पर नियुक्ति।
- 2004 - यूरोपीय संघ में 10 नये राष्ट्र शामिल।
- 2005 - सद्दाम हुसैन ने सशर्त रिहाई की अमेरिकी पेशकश ठुकराई।
- 2007 - ईएसपीएन द्वारा वनडे क्रिकेट रैंकिंग में भारत को नवां स्थान।
- 2008 - राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 7 नये जजों की नियुक्ति की। पाक के तालिबानी आतंकी गुट का पश्चिमोत्तर सीमांत प्रांत के डेरा अदम खेल शहर पर नियंत्रण। बेलारूस ने 10 अमेरिकी राजनयिकों को वापस भेजा।
- 2011 - अमेरिका पर 2001 के हमले के मास्टरमाइंड आतंकी सरगना ओसामा बिन लादेन के पाकिस्तान के ऐबटाबाद में मारे जाने की पुष्टि।
- 2013 - स्व. रमेश भाई को श्रद्धांजलि स्वरूप उनके 62वें जन्मदिवस पर सर्वोदय आश्रम टडियांवा में आयोजित समारोह में भारतकोश पर रमेश भाई से संबंधित सामग्री को वैश्विक पाठक वर्ग को समर्पित किया गया।
- 1986 - संदीप कुमार - भारतीय एथलेटिक्स हैं का जन्म ।
- 1969 - हीरा सरनीया - असम से भारतीय राजनीतिज्ञ हैं का जन्म।
- 1964 - नेकराम शर्मा- हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध किसान जिन्हें वर्ष 2023 में भारत सरकार ने कृषि क्षेत्र में उनके योगदान हेतु पद्मश्री से सम्मानित किया का जन्म।

# पहलगाम पर आंसू... आतंक केवल बंदूक से नहीं मारता

■ माधव जोशी

पहलगाम की वादियों में 26 हिंदुओं की लाशें क्या गिरीं, एक बार फिर घाटी की हवा में बारूद घुल गई, लेकिन इस बार केवल खून नहीं बहा, इंसानियत भी बही, कश्मीरियत भी बही और सालों से आंखों पर लगी सेकुलरिज्म की पट्टी भी बह गई। जो लोग अब तक यह कहा करते थे कि 'आतंक का कोई धर्म नहीं होता।' उन्हें भी अब समझ आ गया होगा कि आतंक का धर्म कौन सा है और उसका रंग क्या है। इस नरसंहार पर आई प्रतिक्रियाएं जितनी तेज और मुखर रहीं, उसने यह सोचने पर मजबूर किया कि आखिर कश्मीरी समाज, विशेषकर कश्मीरी मुसलमानों की भाषा आतंक को लेकर एकाएक मजमत क्यों करने लगी ? क्या यह मुखालफत इस बात की स्वीकारोक्ति है कि इस बार कश्मीरियों को जोर का झटका लगा है? क्योंकि जब किसी की जेब फटती है तभी पंजीरी बंटती है। हर बार जब कश्मीर में कहीं हमला होता था, तब कुछ चेहरों से संवेदना की पपड़ी उधड़ती थी, बयान जारी होते थे, 'घटना की निंदा' की जाती थी और फिर कुछ दिनों में सब कुछ सामान्य हो जाता था। लेकिन आज ऐसा नहीं हुआ। आज कश्मीरियत रो रही है और कश्मीरी भी। अब इनको भारी आर्थिक नुकसान की चिंता भी सताने लगी है। क्या यह स्थिति वास्तव में सामूहिक संवेदनहीनता की अभिव्यक्ति नहीं है? पहलगाम में हुए इस नरसंहार के बाद अचानक कश्मीर के व्यापारी, वकील, टूर ऑपरेटर, घोड़े वाले और होटल व्यवसायी 'गंभीर' हो गए, सोशल मीडिया पर आंसुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और हर ओर एक सुर में कहा जाने लगा – 'यह हमला गलत है, इससे कश्मीर की छवि खराब होगी, पर्यटन पर असर पड़ेगा।' लेकिन क्या यह संवेदना वास्तव में इन



निर्दोषों की हत्या के लिए है, या फिर इसलिए कि अब जेब पर असर पड़ा है? आप एक सुर में इसे देश की छवि से भी तो जोड़ सकते थे लेकिन नहीं, आप तो मात्र कश्मीर को लेकर चिंतित हैं। अगर ये हमले न होते, लेकिन पर्यटक खुद ही न आते, क्या तब भी यही दर्द उठता?

क्या संवेदना का स्रोत इंसान की जान है, या वह पैसा जो वे घाटी में खर्च करते हैं? ये सवाल आज अनिवार्य हैं क्योंकि यही वो घड़ियाली आँसू हैं जो दशकों की चुप्पी पर पर्दा डालने की कोशिश करते हैं। देश आज भी 1990 के उस नरसंहार को आज तक नहीं भूला है। क्या यह कश्मीरी आज खुले मन से स्वीकार कर सकते हैं कि तब पंडितों को 'रालिव, त्सालिव या गैलिव' यानी धर्म बदलो, मरो या भागो के संदेशों के बीच मौत के घाट उतार दिया गया था। इससे पहले भी अब तक सैकड़ों हिंदुओं और गैर मुसलमानों का कत्ल हुआ तब तो इन कश्मीरियों ने ऐसी हाय तौबा या घटना की ऐसी मजम्मत नहीं की फिर अब इसकी क्या वजह हो सकती है? आज जब वही मानसिकता दोहराई जाती है, तो जवाब में सिर्फ़ आर्थिक नुकसान की चिंता की जाती है, न कि उस वैचारिक संक्रमण की जो आतंकवाद को अब भी पनाह देता है।

26/11 का हमला जो मुंबई की सड़कों पर हुआ, जब कसाब और उसके साथियों ने निर्दोषों को गोली से भूना, तब पूरे देश की रगों में सिहरन दौड़ गई थी। लेकिन कश्मीर की मस्जिदों में कोई विशेष नमाज़ नहीं हुई, कोई मौलवी आतंक के खिलाफ खड़ा नहीं हुआ, कोई बैनर नहीं बना जिसमें लिखा हो – 'हम आपके साथ हैं, मुंबई।' कश्मीर में किसी सेना के जवान के शहीद होने पर कभी उस गांव का बाजार बंद नहीं होता तब यह मौन चुभता है। यही मौन आतंकवाद का सबसे घातक ईंधन बन चुका है, यही खामोशी आतंक की सबसे भरोसेमंद ढाल है। जिसकी आड़ में आज भी इन विदेशी आतंकवादियों को रहने और छिपने में मदद की जा रही है। जिन्हें भारतीय सेना अब पाताल से भी ढूंढ निकालेगी।

जब घाटी में किसी आतंकी के मारे जाने पर जनाज़े में हज़ारों लोग जमा होते हैं, जब उन पर 'शहीद' का तमगा लगाया जाता है, जब मस्जिदों में उनके लिए विशेष दुआएं पढ़ी जाती हैं, तब समाज उस हिंसा का पोषण कर रहा होता है जिसे बाद में खेद के नकली आँसुओं से धोने की कोशिश की जाती है। कश्मीर की संवेदना को अब धार्मिक पहचान की सीमाओं से बाहर निकालने की आवश्यकता है। क्या किसी हिंदू की मौत केवल इसलिए कम महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि वह 'घाटी का बेटा' नहीं था? क्या इंसानियत की परिभाषा अब इस बात से तय होगी कि मरने वाला किस धर्म का था? अगर ऐसा है तो यह केवल घाटी का नहीं, पूरे भारत का नैतिक पतन है। पहलगाम की घटना ने यह उजागर कर दिया है कि अब आतंक केवल बंदूक से नहीं मारता – अब वह चुप्पियों से, खामोश समर्थन से और मौन स्वीकृति से जान लेता है। जब तक आवाज हर आतंकी के खिलाफ नहीं उठेगी तब तक कश्मीर का भविष्य किसी उजाले की ओर नहीं जा सकता।

यह समय है जब घाटी वालों को आत्ममंथन करना चाहिए अगर कश्मीरी समाज वाकई इस खून से आहत है, तो उसे शब्दों से नहीं, कर्मों से साबित करना होगा। हर मस्जिद से आतंक के खिलाफ फतवा निकलना चाहिए, हर शिक्षण संस्थान में इस पर विमर्श होना चाहिए, हर माँ को अपने बेटे से कहना चाहिए – बंदूक तुम्हें कभी स्वर्ग नहीं दिलाएगी, वो तुम्हें नरक में भी नहीं छोड़ेगी। अगर यह नहीं हुआ, तो यह खून केवल पहलगाम की घाटियों में नहीं बहेगा, यह उन मासूम कश्मीरियों की रगों में भी बहेगा जो अब भी खामोश हैं। यह खामोशी उन्हें भी डुबो देगी – चुपचाप, बिना आवाज किए, लेकिन बहुत गहरे।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**दुनियां में जो इतनी बुराई फैली हुई है उसका दोष केवल बुरा काम करने वालों पर ही नहीं है बल्कि दोष उन अच्छे आदमियों का भी है जो बुरे काम करने वालों की खुशामद करने और उन्हें खुश करने के लिए सदा तैयार रहते हैं।**

**- लुई फिशर**

## निशाना

### मिली खुली छूट !



–कृष्णेन्द्र राय

दिया फ्री हैंड ।
मिली खुली छूट ।।
कहर बन कर पाक पर ।
जाओ जल्द टूट ।।
पूर्ण हुई तैयारी ।
अब ऐक्शन की बारी ।।
क्या कुछ होने वाला ?
बढ़ी बेकरारी ।।
धीरे धीरे बेड़े अब ।
भरने लगे उड़ान ।।
होगी भारी कीमत ।
हमें भी लेनी जान ।।
है रचना इतिहास ।
दुश्मन में हड़कंप ।।
बदलेगा भूगोल ।
तय आखिर भूकंप

संपादकीय नीति के तहत 'दोपहर मेट्रो' सभी विचारों और विचारधाराओं के लेखकों के प्राप्त आलेखों को प्रकाशित करता है। इन विचारों से हम खुद सहमत हों यह जरूरी नहीं।

# राजपूत समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 14 जोड़ों ने लिए 7 फेरे

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

सिवनी मालवा की विधानसभा तहसील डोलरिया में अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर प्रति वर्ष अनुसार की भांति इस वर्ष भी क्षेत्रीय राजपूत समाज का नौवां सामूहिक विवाह सम्मेलन ग्राम डोलरिया में आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या मे सामाजिक बंधुओं ने उपस्थित हो कर वर बधू को आशीर्वाद दिया।

**वर-वधू को पर्यावरण का संदेश देते हुए वृक्ष लगाने के लिए दिए उपहार में**





श्री राजपूत समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष नरेश सिंह राजपूत और महामंत्री गजेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि इस वर्ष 14 जोड़े हैं जिनका परंपरागत सनातनी रीति रिवाज से विवाह संपन्न कराया। वर-वधू को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए पौधारोपण हेतु पौधे उपहार में दिए गए। इस सम्मेलन में नर्मदापुरम पिपरिया बरेली रायसेन नरसिंहपुर और महाराष्ट्र के अकोला जिले से बड़ी संख्या में राजपूत समाज के लोग उपस्थित हुए। समाज के इस सम्मेलन में सेठा मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल नर्मदापुरम के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन भी किया गया।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रमिक परिवारों को दी बड़ी सौगात

# सीएम ने श्रमिक परिवारों को 600 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक से ट्रांसफर किए

**■ नर्मदापुरम जिले के 537 हितग्राहियों को मिला 16.69 करोड़ रुपये का लाभ**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 30 अप्रैल 2025 को मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत 27,523 श्रमिक परिवारों को 600 करोड़ रुपये की अनुग्रह सहायता राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया। उक्त कार्यक्रम धार जिले के उमरबन से आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना प्रदेश के श्रमिक वर्ग के उत्थान और सामाजिक सुरक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। योजना के अंतर्गत पात्र श्रमिक परिवारों को संकट की स्थिति में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।




इस अवसर पर नर्मदापुरम जिले के 537 हितग्राहियों को 16 करोड़ 69 लाख रुपये की राशि डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की गई।

### डॉ. यादव ने किया मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत किसानों को प्रथम किश्त का वितरण

**नर्मदापुरम जिले के किसानों के खातों में जमा हुई राशि**

नर्मदापुरम.मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बुधवार को धार जिले के जनपद पंचायत उमर से मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत वर्ष 2025 - 2026 के तहत किसानों को प्रथम किस्त 6000 रुपए की राशि का वितरण किया । उक्त राशि तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री द्वारा सिंगल क्लिक से प्रदेश के किसानों को राशि का वितरण किया गया । नर्मदापुरम जिले के 1 लाख 37 हजार 594 किसानों के बैंक खातों में सम्मान राशि प्राप्त हुई।

# नगर को स्वच्छ बनाने मीनाक्षी चौक पर चला हस्ताक्षर अभियान



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

श्रीसमर्पण श्रीसंस्था द्वारा नगर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लेकर निरंतर कार्य कर रही हैं। जिसके तहत सीएमओ और कलेक्टर को भी ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन दिए जाने के विगत 3 हफ्ते होने के बाद भी नगर की स्वच्छता को लेकर नगर पालिका प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जिसको लेकर संस्था चार दिन पहले इंद्रा चौक पर नागरिकों के बीच जाकर स्वच्छता को लेकर चर्चा कर हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से नागरिकों ने संस्था का सहयोग किया।

इसी तारतम्य में बुधवार को संस्था द्वारा स्थानीय मीनाक्षी चौक में भी नगर के व्यापारियों एवं नागरिकों के बीच जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।जिसका समर्थन संपूर्ण जनता जनार्दन ने किया, अगर अब भी स्वच्छता में सुधार नहीं हुआ। जल्द ही श्री समर्पण श्री इसी आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए नगरपालिका के सामने उग्र प्रदर्शन करेगी एवं संस्था का एक प्रतिनिधि मंडल जल्द ही नगरीय प्रशासन मंत्री से मिलकर शहर की समस्याओं को उनके सामने रखेगा।हस्ताक्षर अभियान में संस्था के स्वदेश सैनी, अतुल जोशी,अंकित सराठे, रहमान खान, राज खिल्लारे,विशाल चावरिया,आकाश सोनी, रितेश मालवीय, रोहित कलोसिया, ऋतिक मालवीय इत्यादि उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत हुए 3 नपा कर्मियों को स्टाफ ने दी भावभीनी विदाई



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नगरपालिका कार्यालय से मंगलवार शाम तीन कर्मचारी एआरआई भूपेंद्र तोमर, सुरेश केवट और भोलाराम सेवानिवृत्ति हो गए। सेवानिवृत्ति समारोह के दौरान कर्मचारियों को पुष्पमाला से स्वागत कर साथी कर्मचारियों ने दीर्घायु और उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह में नपाध्यक्ष नीतू यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले और विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव द्वारा उनको उपहार दिए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए करते हुए नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कहा कि नगरपालिका हमेशा से ही कर्मचारियों के हितों की रक्षा करती आ रही है। कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए समय समय पर उन पर ध्यान दिया जाता है। आप सभी आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं आगे का जीवन अपने परिवार के साथ सुखदपूर्वक बिताएं।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले ने संबोधित करते हुए कहा कि आप नगरपालिका से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जब भी आपकी सेवाओं की जरूरत होगी तब नगरपालिका प्रशासन द्वारा आपकी सेवाएं ली जाएंगी। नगरपालिका प्रशासन उज्जवल भविष्य की कामना करता है। आप अपने परिवार के साथ सुखमय जीवन व्यतीत करें।

**■ नगरपालिका हमेशा कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखती है : यादव**

विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव ने कहा कि जब से नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव ने पदभार ग्रहण किया है तब से कर्मचारी हितैषी कार्य किए जा रहे हैं। उनके पदभार ग्रहण करते ही जो भी कर्मचारियों को समस्या थी उनका निराकरण प्राथमिकता से किया गया है। कर्मचारियों को हरसंभव मदद करने हेतु तैयार रहते हैं। नगरपालिका के सभी कर्मचारियों को मैं व्यक्तिगत रूप से पहले से जानता हूं। सेवानिवृत्त के बाद आप सुखमय जीवन व्यतीत करें यही कामना है।

# जिले में 332170.1 मीट्रिक टन गेहूं का हुआ उपार्जन

**नर्मदापुरम।** शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में 15 मार्च से जिले के ई उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत 64988 किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य किया जा रहा है। आज दिनांक को 1148 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किया गया एवं 9572.4 मे.ट स्कंद का उपार्जन हुआ।

जिला आपूर्ति अधिकारी रश्मि साहू ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले में स्थापित 171 उपार्जन केन्द्रो पर आज दिनांक तक कुल 40833 किसानों के द्वारा अपना स्लॉट बुक किया गया है जिनमे से 167 केंद्रों पर 31103 किसानों से 332170.1 मीट्रिक टन की खरीदी की जा चुकी है। जिसकी भुगतान योग्य राशि 863.64 करोड़ है। जिसके विरुद्ध 778.38 करोड़ रुपए की राशि भुगतान हेतु बैंको को ट्रांसफर की गई है। उन्होंने बताया कि परिवहन व्यवस्था को भी सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है, जिसमें कुल उपार्जित स्कंद के विरुद्ध 320714.5 मीट्रिक टन (97.89त्न) मात्रा का परिवहन किया जा चुका है। वर्तमान में 308367.1 मीट्रिक टन उपज की मात्रा स्वीकृत हो चुकी है और ड्ड्ढ।क्र (वेयरहाउस रसीद) के अंतर्गत 261432.1 मीट्रिक टन संग्रहित की गई है।

# ग्राम जरुआ मे अक्षय तृतीया पर गौरईया नदी की आरती, जल व नदी संरक्षण का लिया संकल्प





**तेंदूखेड़ा , दोपहर मेट्रो**

ब्लाक के ग्राम जरुआ में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर गौरईया नदी के उद्गम स्थल पर ग्रामीण विकास समिति जीव्हीएस के तत्वावधान में यूएनडीपी स्माल ग्रांट प्रोग्राम टेरी के सहयोग से जल गंगा अभियान के अंतर्गत गोरईया नदी पूजन, जन संवाद, नदी की साफ सफाई की गई और जल संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में ग्रामवासियों, किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं सरपंच, पंचायत प्रतिनिधियों की उत्साहजनक भागीदारी रही। पूजन के उपरांत नदी किनारे 3000 से अधिक पौधे रोपे जाने और गौरईया नदी को स्वच्छ एवं जीवंत बनाए रखने का संकल्प लिया गया। जलवायु परिवर्तन, जल संरक्षण, जैविक खेती पर राजेश सिंह द्वारा जानकारी दी गई। धरमदास पाल ने बताया कि गोरईया नदी उदगम स्थल से डलान बाले क्षेत्र के लगभग 100 ग्रामो में जलापूर्ति होती है। हर साल अक्षय तृतीया को जल संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। नदी किनारे जैविक, प्राकृतिक खेती की जाएगी जिससे जल संरक्षण मृदा संरक्षण और वनस्पति का संरक्षण हो सके। उपस्थित लोगों में सरपंच नवल झरिया, चन्नू सिंह, हल्ले भाई यादव, प्रहलाद सिंह, सुधा बाई, वर्षा गोंड, सविता बाइ, नीरज यादव सहित ग्राम के लगभग 25 लोगों की उपस्थिति रही।

### एसडीएम, सीईओ सहित ग्रामीणों ने इंद्रावती नदी की सफाई कर दिया जल संरक्षण का संदेश



**नर्मदापुर.** जनपद पंचायत सिवनी मालवा द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत खपरिया में एक विशेष स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत ग्राम खपरिया की पवित्र इंद्रावती नदी की घाट एवं आसपास के क्षेत्र की सफाई की गई। सफाई अभियान में झाड़ियों की कटाई, प्लास्टिक और पोलिथीन जैसी अपशिष्ट सामग्री को हटाया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी दिखाई, जिससे ग्रामीणों में जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश गया। कार्यक्रम के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (स्ष्ठरू) श्रीमती सरोज परिहार एवं जनपद पंचायत सिवनी मालवा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) श्रीमती श्रुति चौधरी द्वारा ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के विषय में जानकारी दी गई। उन्होंने किसानों को खेत-तालाब निर्माण हेतु प्रेरित किया तथा ग्रामीणों को वर्षा जल संग्रहण (रूफ वाटर हार्वेस्टिंग) एवं वृक्षारोपण जैसे स्थायी उपाय अपनाने का आग्रह किया। साथ ही, उपस्थित लोगों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत एवं अन्य खण्ड स्तरीय अधिकारी, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, त्नत्र्र एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्र में पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति नई चेतना का संचार किया।

**मेट्रो एंकर** | नागरिकों द्वारा शोभायात्रा पर फूल बरसा कर जगह जगह स्वागत किया

# भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में ब्राह्मण समाज द्वारा सिरोंज चौराहा नौलखी धर्मशाला से भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली। जो मुख्य मार्गो से होती हुई ब्राह्मण समाज की धर्मशाला वेदनखेड़ी पहुंची जहां पर शोभायात्रा का समापन हुआ। एवं प्रसादी वितरण की गई।

शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण का केंद्र भगवान परशुराम की भव्य मूर्ति आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में सभी विप्र बंधु पीले वस्त्र धारण कर भगवान के भजनों पर नृत्य करते चल रहे थे। वहीं नागरिकों द्वारा शोभायात्रा पर फूल बरसा कर जगह जगह स्वागत कर रहे थे। इस भव्य शोभायात्रा में नगर सहित सभी क्षेत्र के जन प्रतिनिधि गणमान्य नागरिकों ने शोभायात्रा में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लिया।



वहीं बर्री घाट रोड स्थित शनि मंदिर पर भगवान परशुराम प्रतिमा स्थल पर अखिल भारतीय सनाढ्य ब्राह्मण परिषद एवं विश्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान श्री परशुराम जी का विधि विधान से पूजन अभिषेक कर मनाया एवं प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान पंडित अरविंद अवस्थी, दिनेश दंडोतिया, दीपक तिवारी,सुनील बाबू पिंगले ने भगवान परशुराम जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अनेक धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित थे।

### अक्षय तृतीया पर नगर में कई स्थानों पर रखी गई पानी की टंकियां

पंचतत्व संरक्षण समिति प्रति वर्ष गुड़ी पड़वा के दिन से पक्षी चेतना अभियान के अंतर्गत विचरते प्यासे पशुओं को पीने के लिए पानी की टंकी ओर प्यासे पक्षियों के लिए सकोरों में दाना पानी की व्यवस्था करती है। समिति धर्म प्रेमी बंधुओं से अपील भी करती है कि हम हमारे परिजनों के स्मृति में तीज त्योहारों पर और जन्मदिन व शादी की वर्षगांठ आदि अवसरों पर इस तरह टंकी ओर सकोरे रखकर भी जीवन को सार्थक बना सकते हैं। अक्षय तृतीया के अवसर पर पंचतत्व ने विभिन्न स्थानों पर पशुओं के पानी के लिए सीमेंट की टंकियां रखी हैं एक टंकी अयोध्या नगर निवासी भगवान सिंह दांगी ने अपने भाई यशवंत सिंह दांगी पूर्व सरपंच मंडिया सेमरा की स्मृति में तथा दूसरी टंकी धर्मकांटे के पास संदीप जेटली ने तथा वार्ड 15 में डीवी सिटी में शिवानी अरोरा ने रखवाई है। इनमें पानी भरने की जिम्मेदारी भी इन्हीं लोगों ने ली है। अभी तक



समिति 10 सीमेंट की टंकी रख चुकी है, इस अवसर पर पंचतत्व के अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी, प्रमोद सिंह राजपूत, भगवान सिंह दांगी, संदीप जेटली अशोक जैन, भूपेंद्र यादव महादेव प्रसाद शर्मा ओर शिवानी अरोरा उपस्थित थीं।

# संबल योजना अनुगृह सहायता और किसान सम्मान निधि की प्रथम किश्त सिंगल क्लिक से जारी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त राशि आज धार जिले के उमरबन में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में सिंगल क्लिक से अंतरित की। उपरोक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने, सुनने के प्रबंध जिला मुख्यालय के साथ-साथ समस्त तहसीलो, जनपदो एवं ग्राम पंचायतो में सुनिश्चित किए गए थे।

विदिशा एनआईसी व्हीसी कक्ष में मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता रघुवंशी, विधायक मुकेश टण्डन, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शर्मा, विदिशा जनपद पंचायत के अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी, कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने हितग्राहियों को हितलाभ के प्रमाण पत्र प्रदाय किए है।

- विदिशा जिले के 600 हितग्राहियों को संबल योजना के तहत 13.55 करोड़ डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरित किए
- मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 228663 कृषकों को खातों में 45.73 करोड रुपये की राशि सिंगल क्लिक से जमा कराए



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विदिशा जिले के हितग्राहियों के बैंक खातो में सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि जारी की है। तदानुसार मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत अनुगृह सहायता राशि विदिशा जिले के छह सौ हितग्राहियों को 13.55 करोड़ डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरित की गई है।

मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से विदिशा जिले के कुल 228663 कृषकों को वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त (योजना की 12वीं किश्त) के रुप में लगभग 45.73 करोड रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों के खातो में जमा हुई है।

विदिशा विधायक मुकेश टण्डन ने अपनी किसान फार्मर आईडी बनवाने की बुधवार को एनआईसी व्हीसी कक्ष में पूर्ण कराई है। फार्मर आईडी बन जाने के उपरांत कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने विधायक श्री टण्डन को प्रिन्टआउट भेंट किया है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान तहत बिछिया गांव के तालाब में श्रमदान



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा प्रदेश व्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विदिशा जिले में जल स्त्रोतों को संवारने का कार्य सतत जारी है जिला प्रशासन द्वारा यह कार्य किया जा रहा है।

जिला प्रशासन से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में ग्राम बिछिया में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भागढ़ तालाब में श्रमदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित संस्था का पूर्ण सेवा समिति के अध्यक्ष बाबूलाल धाकड़ एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष प्रकाश मीणा, हिम्मत सिंह रघुवंशी, बृजेश कुशवाहा, संजीव कुशवाहा, पूरन सिंह मीणा आदि ने तालाब पर श्रमदान किया।

## नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को, अतिरिक्त जिला सत्र न्याधीश ने सुनाई सजा

**सिरोंज।** पथरिया थाना अंतर्गत 2017 में सनसनीखेज मामला सामने आया था। इसमें नाबालिक लड़की के साथ 27 साल युवक ने दुष्कर्म किया इसके चलते वहां गर्भवती हो गई थी बदनामी के डर से नाबालिक लड़की ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली इस मामले मे आरोप सिद्ध होने पर अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश ने 27 वर्षीय आरोपी को 376 के मामले में 10 वर्ष की सजा के दंड से दंडित किया है तथा नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने पर 10 साल की सजा और 10000 के आर्थिक दंड से भी दंडित किया शासकीय लोग अभियोजक मनीष वर्मा के द्वारा जानकारी उपलब्ध कराई गई । पूरा घटनाक्रम पथरिया थाना अंतर्गत 2017 में सामने आया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी पर 376 और नाबालिक लड़की के साथ-दुष्कर्म करने की अन्य धाराओं मे मामला दर्ज किया था 18 लोगों के बयान के बाद फैसला आया।

## आरटीई में मुफ्त शिक्षा हेतु सरकारी स्कूलों में 7 से 21 तक आवेदन आमंत्रित, 29 मई को होगा लाटरी ड्रॉ

**सिरोंज।** विदिशा जिले में 425 अशासकीय स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत स्कूल की प्रथम प्रवेशित कक्षा में सत्र 2025-26 में नि:शुल्क प्रवेश होगें। इसके लिए राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के द्वारा समय सारिणी जारी कर दी गई है। पोर्टल पर आवेदन करने एव त्रुटि सुधार का कार्य 07 मई से 21 मई तक किया जावेगा। आवेदनों का सत्यापन का कार्य जन शिक्षा केन्द्रों पर मई माह की 07 से 23 तारीख तक क्रियान्वयन किया जाएगा। रेंडम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा स्कूलों का आवंटन एवं चयनित आवेदकों को एस.एम.एस के द्वारा सूचना 29 मई 25 को दी जावेगी आवंटन उपरांत शासकीय स्कूलों में प्रवेश हेतु उपस्थिति होना एवं स्कूल द्वारा मोबाइल एप्प के माध्यम से एडमिशन रिपोर्टिगं 02 जून से 10 जून तक की जावेगी ।
**प्रवेश की पात्रता** - आरटीई में नि:शुल्क शिक्षा के लिये आशासकीय विघालयों में प्रवेश की पात्रता तदनुसार वंचित समूह अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति वन भूमि के पट्टाधारी परिवार विमुक्त जाति निशक्त: बच्चे (मेडिकल बोर्ड से जारी प्रमाण पत्र अनुसार) भ्प्ट. ग्रस्त बच्चे,कमजोर वर्ग गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवार के बच्चे, अनाथ बच्चे (राज्य शासन द्वारा अनाथ बच्चों को भी कमजोर वर्ग में शामिल किया गया है) कोविड 19 से माता पिता अभिभावक की मृत्यु के कारण अनाथ बच्चों की शिक्षा अर्थिक सहायता तथा खय सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री कोविड 19 बाल कल्याण योजना के हितग्राही बच्चे पात्र होगें।
**आयु का निर्धारण** - आरटीई में नि:शुल्क शिक्षा के लिये आयु का निर्धारण अनुसार कक्षा नर्सरी में न्यूनतम आयु 03 वर्ष एवं अधिकतम आयु 4 वर्ष 6 माह केजी 1 में न्यूनतम आयु 4 वर्ष एवं अधिकतम आयु 5 वर्ष 6 माह, केजी -2 में न्यूनतम आयु 5 वर्ष एवं अधिकतम आयु 6 वर्ष 6 माह, कक्षा 1 में न्यूनतम आयु 6 वर्ष एवं अधिकतम आयु 7 वर्ष 06 माह निर्धारित की गई है। इससे अधिक आयु के छात्र पात्र नहीं होंगे।। आवेदक को आवेदन करने में कठिनाई होने की स्थिति में संबंधित विकासखण्ड के बीआरसीसी कार्यालय में स्थापित सुविधा डेस्क की सहायता से भी आवेदन किये जा सकते हैं। आवेदनों में समस्या का निराकरण करने जिला प्रभारी दिनेश विश्वकर्मा मो. 8120312236 से संपर्क किया जा सकता है।

### भीषण गर्मी में संपन्न हुआ सामूहिक विवाह सम्मेलन

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 354 जोड़ों ने थामे एक-दूसरे के हाथ

- गेहूं खेड़ी के दूल्हे की नहीं आई दुल्हन , बनाया सेल्फी, सम्मेलन में दिखी घूंघट प्रथा की झलक









**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

42 डिग्री तापमान में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत सामूहिक सम्मेलन 354 ने सात जन्मों तक साथ निभाना का वादा किया कृषि उपज मंडी के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत तथा नगर पालिका के द्वारा गर्मी को देखते हुए अच्छी व्यवस्था कराई थी पर गर्मी के आगे बेअसर हो गई। वहीं ग्राम पंचायत गेहूं खेड़ी के दूल्हे की दुल्हन ने अपने प्रेमी के साथ शादी कर इसके चलते यहां का जोड़ा सम्मेलन में शामिल नहीं हुआ।जबकि एक दिन पहले तक पंजीयन करवाने और सम्मेलन में विवाह करने के लिए दुल्हन राजी थी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात्रि में ही उसने अपने प्रेमी से शादी कर ली इस वजह से यहां के दूल्हे की खुशियां गम में तब्दील हो गई। वैसे सम्मेलन में 355 जोड़े पात्र पाए गए थे ।इनमें से 1 काम होने से 354 जोड़ों ने जीवन भर एक दूसरे का साथ निभाने का वादा किया इनके विवाह एवं निकाह पूरे रीती रिवाज से संपन्न हुए इसके उपरांत दुल्हन के नाम से 49000 की राशि का चेक भी प्रदान किया गया.

सामूहिक विवाह सम्मेलन में गर्मी के कारण सभी की हालत खराब हो रही एक दुल्हन तो गर्मी से बेचैन होने लगी तो मंडप स्थल पर तत्काल परिजनों हवा और पानी पिलाया काफी देर तक आराम करवाया दूसरी ओर प्रशासन ने गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए काफी इंतजाम किए थे। मंडी के सेट के अलावा टेंट भी लगवाया जगह-जगह बड़े-बड़े कूलर भी रखे हुए थे। गर्मी का प्रकोप इतना ज्यादा था कि इसके वजह से कई दुल्हनों की हालत भी खराब हो रही थी जिनके लिए हवा उनके परिजन करते हुए नजर दूसरे स्टेज पर बैठे जोड़ों की दुल्हनों को गर्मी लग रही थी तो उनके हमसफर अपने हाथों से प्रमाणपत्र से ही हवा कर रहे थे। एसडीएम हर्षल चौधरी ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए सुबह 8 बजे से ही सम्मेलन प्रारंभ करवा दिया था एक तरफ हिंदू रीति रिवाज से 250 जोड़ों के वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच पंडितों ने 7 फेर करवाए गए दूसरी ओर 104 मुस्लिम जोड़ों के काजियों से निकाह संपन्न कराए गए।इसके बाद इनको चेक और प्रमाण पत्र भी तत्काल उपलब्ध कराए गए। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जन भागीदारी समिति अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव ने सरकार के द्वारा किस तरह से गरीब परिवारों की चिंता करते हुए सम्मेलन प्रारंभ किया उसके बारे में बताया। इसके अलावा नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, जनपद अध्यक्ष पुष्पा हमीर सिंह यादव, पूर्व नगर उपाध्यक्ष अध्यक्ष संतोष चौरे ,जिलापंचायत सदस्य प्रतिनिधि भगत सिंह रघुवंशी, जनपद सदस्य कलेक्टर सिंह यादव ने नगर मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाहा, अपने विचार व्यक्त किए ।इस दौरान पथरिया मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण रघुवंशी पारस तरण, हरिचरण अहिरवार, एसडीएम हर्षल चौधरी ,एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी , तहसीलदार संजय चौरसिया, जनपद सीईओ वंदना शर्मा ,नगर पालिका सीएमओ रामप्रकाश साहू आदि मौजूद थे ।

बदलते समय के बाद भी हिन्दुस्तान में घूंघट प्रथा जिंदा है जो भारत की पहचान है। मुख्यमन्त्री कन्यादान योजना का अंतर्गत सम्मेलन में 115 नंबर के काउंटर पर एक जो दुल्हन घुटनों तक घूंघट डाले हुए थे जिसके कारण उसको कुछ नजर नहीं आ रहा था पर पुरानी रीति के हिसाब से परिजन रिवाज कर रहे थे। इसके अलावा सम्मेलन में कई जोड़े और उनके परिजन अपने हिसाब से विवाह के कार्यक्रम कर रहे थे दूसरी तरफ मंच पर कार्यक्रम भी चल रहा था इधर मंत्र भी पड़े जा रहे थे।पूरे रीति रिवाज के साथ विवाह संपन्न करवाने अपने साथ पंडित को लेकर भी आए थे उनके द्वारा रीति रिवाज और मंत्रों के साथ शादी कराई बैंड का इंतजाम भी प्रशासन के द्वारा किया गया था।

### बनाया सेल्फी प्वाइंट लगानी पड़ी पुलिस

सम्मेलन मैं घर से होने वाली शादी का एहसास करने के लिए प्रशासन के द्वारा सेल्फी प्वाइंट भी मंच के पास में बनाया गया था जहां पर विवाह संपन्न होने बाद दूल्हा दुल्हन वर माला के साथ सेल्फी पॉइंट पर पहुंच कर फोटोग्राफी भी कर रहे थे। भीड़ अधिक होने के कारण यहां पर प्रशासन को पुलिसकर्मियों को तैनात करना पड़ा सेल्फी पॉइंट से जोड़ों को स्टेज की तरफ रवाना किया जा क्योंकि सेल्फी पॉइंट पर काफी देर तक दूल्हा दुल्हन फोटो ग्राफी कर रहे थे। दूसरी और सगुल से आए जोड़े के साथ प्रदुम्न नाम का 12 वर्षीय बालक बिछड़ गया था उसका रो रो के बुरा हाल हो रहा था उसके परिजनों को प्रशासन खोज लग रहा।

### कहां कितने विवाह हुए

विदिशा जनपद पंचायत व नगरपालिका अंतर्गत 165 जोडो में 153 का विवाह व 12 निकाह, बासौदा जनपद व निकाय में कुल 227 जोडो में 200 का विवाह व 27 का निकाह, ग्यारसपुर में 166 में से 156 का विवाह व 10 निकाह, कुरवाई में 136 में से 99 का विवाह व 37 का निकाह, सिरोंज में 355 में से 251 का विवाह व 104 का निकाह, लटेरी में 231 में से 201 का विवाह और 30 का निकाह, डंगरबाडा नटेरन में 150 में से 115 विवाह व 35 का निकाह जबकि खैरखेडी जनपद पंचायत नटेरन में 67 जोडो का विवाह हुआ है। विवाह आयोजन स्थलो पर जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागो के अधिकारी, कर्मचारी और वर वधु के रिश्तेदार मौजूद रहे।

# जजेस एनक्लेव का उद्घाटन

- जजेस एनक्लेव परिसर में कुल 14 मकान निर्मित किए गए हैं जिनका निर्माण पीडब्ल्यूडी की शाखा पीआईयू द्वारा निर्माण कराया गया





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

गत दिवस मप्र उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति द्वारा विदिशा के जजेस एनक्लेव का ई उदघाटन आन लाइन जबलपुर उच्च न्यायालय से किया गया है। जिसमें विदिशा जिले के पोर्टफोलियो जज न्यायमूर्ति अहलूवालिया और उच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीश गण उपस्थित थे द्य गौरतलब हो कि भौतिक रूप से विदिशा में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन अन्य न्यायाधीश गण व जिले के अन्य सभी अधिकारी गण व कर्मचारियों उपस्थित थे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री नितेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि कालापाठा में स्थित उक्त जजेस एनक्लेव परिसर में न्यायाधीश गण के निवास हेतु कुल 14 मकान निर्मित किए गए हैं जिनका निर्माण पीडब्ल्यूडी की शाखा पीआईयू द्वारा कराया गया है।

लोकार्पित इस कार्यक्रम में सम्माननीय न्यायाधीश गणों के अलावा अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत चौबे, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया के साथ साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा न्यायालय के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने किया ऑन लाइन संबोधित



**सिरोंज।** विदिशा केंद्रीय किसान कल्याण तथा कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चैहान ने आज विदिशा के रामलीला में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह निकाह योजना तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम को विदिशा विधायक श्री मुकेश टंडन के मोबाइल के माध्यम से संबोधित किया।

केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह निकाह योजना के बिंदुओं को रेखांकित करते हुए योजना से लाभान्वित नव वर-वधुओं को शुभाशीर्वाद प्रदान करते हुए शुभकामनाएं अभिव्यक्त की हैं।

# शिक्षक कैलाश चंद्र सोनी हुए सेवानिवृत विद्यालय में हुआ विदाई समारोह

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

ब्लॉक के ग्राम तेजगढ़ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेजगढ़ में व्याख्याता के पद पर पदस्थ रहे शिक्षक कैलाश चंद्र सोनी जी का भावभीनी विदाई समारोह आयोजन किया गया द्व सर्वप्रथम मां सरस्वती का दीप प्रज्वलन माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ द्व कैलाश सोनी जी के जीवन व्यक्तित्व पर कार्यक्रम किए गए विशेष अतिथि ठाकुर उमराव सिंह जी शिक्षक ने समाज में प्रतिष्ठित एवं आपका समाज में महत्व पर प्रकाश डाला वहीं शिक्षक विष्णु विश्वकर्मा एवं उनकी संगीत पार्टी के द्वारा बुंदेली शैली में सोनी जी के जीवन वृतांत की संगीतमय प्रस्तुति की गई जिसमें श्री दीपचंद सिंघई अध्यक्ष पेंशनर्स एसोसिएशन तेजगढ़ मंडल अध्यक्ष ने सोनी जी के पारिवारिक पृष्ठभूमि पर अपनी बात कही और अपने संघ की सदस्यता दिलाई द्व इनके अलावा शिक्षक मनोहर इनवाती ने गुरु महिमा एवं शिक्षक के समाज में महत्व पर अपनी गीतों के



माध्यम से कार्यक्रम रसमय कर दिया द्व वहीं श्री भारत सिंह लोधी पूर्व क्ख्क्षक्मंडल अध्यक्ष तेजगढ़ ने अपनी बात रखी साथ ही उच्चतर माध्यमिक शाला तेजगढ़ के प्राचार्य श्री अनरत सिंह ने सोनी जी के गुणों को नई शिक्षा पीढ़ी को लेने की बात कही वही राजेश ठाकुर ने भी संगीत प्रस्तुति कर समां बांध दिया द्व कार्यक्रम का संचालन शिक्षक महेंद्र दीक्षित 'जनसेवी' ने किया, हाई स्कूल स्टाफ से शिक्षक संतोष प्रधान ने सभी का आभार माना इसके उपरांत समस्त संकुल तेजगढ़ के शिक्षक शिक्षिका एवं नागरिक उपस्थित रहे जिनके द्वारा गाजे बाजे के साथ कैलाश चंद्र सोनी जी को विदाई दी गई एवं उन्हें घर तक छोड़ा गया द्व उक्त कार्यक्रम वर्षों तक याद किया जाएगा।

सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज

## भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद दूसरे स्थान पर


**वारसॉ (पोलैंड)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने खराब शुरुआत से वापसी करते हुए ग्रैंड शतरंज टूर की प्रतियोगिता सुपरबेट रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट में ब्लिट्ज वर्ग के पहले हाफ के आखिर में ओवरऑल तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया।



प्रज्ञानानंद के प्रयासों ने उन्हें लगातार दूसरे दिन अच्छी स्थिति में रखा। इस भारतीय खिलाड़ी ने रैपिड शतरंज के पहले दो दिनों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था, लेकिन विशेष रूप से ब्लिट्ज वर्ग में अपनी विशेषज्ञता दिखाते हुए जोरदार वापसी की। उन्होंने रोमानिया के डेक बोगडान डैनियल और अमेरिका के लेवोन एरोनियन से हार के साथ शुरुआत की थी, लेकिन फिर फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा और मैक्सिम वाचियर लाग्रेव को हराकर वापसी की। प्रज्ञानानंद ने अंतिम तीन राउंड में पूर्व विश्व चैंपियन बुल्गारिया के वेसेलिन टोपालोव, हम वतन अरविंद चिदंबरम और रोमानिया के डेविड गैवरिलेस्कु को हराकर नौ मैच में 5.5 अंक जुटाए। प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अरविंद नौ मैचों में केवल 3.5 अंक ही हासिल कर सके। स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव ने इस दिन आठ अंक बनाए और वह संभावित 27 में से 19 अंक लेकर शीर्ष पर काबिज हैं। प्रज्ञानानंद उनसे 3.5 अंक पीछे हैं।

## टीम साउदी को तेज गेंदबाजी सलाहकार बनाना चाहता है इंग्लैंड

**लंदन।** भारत के खिलाफ इन गर्मियों में होने वाली पांच टेस्ट मैच की महत्वपूर्ण श्रृंखला से पहले इंग्लैंड टिम साउदी को अपना तेज गेंदबाजी सलाहकार बनाने पर विचार कर रहा है। न्यूजीलैंड का यह 36 वर्षीय अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन की जगह लेने के दावेदारों में से एक है, जिन्होंने पिछले साल टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद यह पद संभाला था। एंडरसन काउंटी क्रिकेट में खेलने के कारण इस सत्र के लिए उपलब्ध नहीं हैं। साउदी ने पिछले साल दिसंबर में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उनके नाम पर 391 टेस्ट विकेट दर्ज हैं और वह न्यूजीलैंड की तरफ से सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में रिचर्ड हैडली (431) के बाद दूसरे स्थान पर हैं। बीबीसी के अनुसार, उनके इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं।



मैकुलम के अलावा, न्यूजीलैंड के पूर्व स्पिनर जीतन पटेल भी इंग्लैंड के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा हैं, जो वर्तमान में स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में काम कर रहे हैं। इंग्लैंड के गिर्मियों के सत्र की शुरुआत अगले महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के साथ होगी। उसके बाद वह वेस्टइंडीज के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला और फिर 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए भारत की मेजबानी करेगा।



## स्वियातेक और सबालेंका क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी, मैड्रिड

बिजली गुल होने के कारण एक दिन के लिए स्थगित किए गए मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मैच फिर से बहाल हो गए जिसमें महिला वर्ग में आर्यना सबालेंका और इगा स्वियातेक क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही लेकिन पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव हारकर बाहर हो गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने पेयटन स्टर्न्स को सीधे सेटों में 6-2, 6-4 से हराकर पांच साल में चौथी बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ज्वेरेव को 21वीं रैंकिंग वाले अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने 7-5, 6-3 से हराया। उन्होंने पिछले साल भी यहां जर्मन खिलाड़ी को हराया था। सोमवार को बड़े ब्लैकआउट के कारण 22 मैचों को स्थगित करना पड़ा था। स्वियातेक ने सेंटर कोर्ट में वापसी की और डायना श्नाइडर को 6-0, 6-7 (3), 6-4 से हराकर स्पेन की राजधानी में अपने खिताब का बचाव करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। अब उनका मुकाबला मैडिसन कीज़ से होगा, जिन्होंने डोना वेकिक को 6-2, 6-3 से हराया। पुरुष वर्ग में, 31वीं रैंकिंग वाले माटेओ बेरेटिनी छठे रैंकिंग वाले जैक ड्रेपर से पहला सेट 7-6 (2) से हारने के बाद चोट के कारण मैच से हट गए।

चेन्नई बाहर, आज राजस्थान के लिए करो-या-मरो का मैच

# मुंबई के पास नंबर-1 पर पहुंचने का रहेगा मौका

एजेंसी, मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में लीग स्टेज के 49 मैच खत्म हो चुके हैं। बुधवार को पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ सीएसके प्लेऑफ की रेस से बाहर भी हो गई। दूसरी ओर पीबीकेएस ने टॉप-2 टीमों में एंट्री कर ली। बुधवार को चेपॉक स्टेडियम में चेन्नई ने 190 रन बनाए। पंजाब किंग्स ने 19.4 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया।

चेन्नई को 10 मैचों में 8वीं हार मिली। टीम महज 2 जीत से 4 पॉइंट्स लेकर 10वें नंबर पर ही है और प्लेऑफ रेस से बाहर हो गई। चेन्नई अब बचे हुए चारों मैच जीतकर भी 12 पॉइंट्स तक ही पहुंचेगी, जो क्वालिफाई करने के लिए काफी नहीं है। पंजाब को 10 मैचों में छठी जीत मिली। टीम 3 हार और 1 बेनतीजा मैच से 13 पॉइंट्स लेकर दूसरे नंबर पर पहुंच गई। अब टीम को अपने दम पर क्वालिफाई करने के लिए बचे हुए 4 में से 2 ही मैच जीतने हैं।



### राजस्थान को सभी मैच जीतने होंगे

आईपीएल में आज आरआर का मैच एमआई से होगा। राजस्थान रॉयल्स 10 मैचों में 3 जीत और 7 हार से 6 पॉइंट्स लेकर 8वें नंबर पर है। आज का मैच जीतकर टीम प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें कायम रखेगी। आरआर को फिर बचे हुए 3 मैच भी जीतने ही होंगे और अपना रन रेट बाकी टीमों से बेहतर भी रखना होगा। हालांकि, राजस्थान अगर आज हार गई तो प्लेऑफ की रेस से बाहर हो जाएगी। फिर बाकी मैच जीतकर भी फायदा नहीं होगा। इंडियंस के 10 मैचों में 6 जीत और 4 हार से 12 पॉइंट्स हैं। आज का मैच जीतकर टीम 14 पॉइंट्स लेकर नंबर-1 पर पहुंच जाएगी।

### सूर्या के पास पहुंच सकती है ऑरेंज कैप

गुजरात के साई सुदर्शन टूर्नामेंट के टॉप रन स्कोरर में पहले नंबर हैं, उनके नाम 9 मैचों में 456 रन हैं। उनके बाद आरसीबी के विराट कोहली ने 443 रन बनाए हैं। एमआई के सूर्यकुमार यादव आज 30 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल कर सकते हैं। आरआर के यशस्वी जायसवाल के पास भी 31 रन बनाकर टॉप पर पहुंचने का मौका है।

### हेजलवुड के पास अब भी पर्पल कैप

आरसीबी के जोश हेजलवुड 18 विकेट लेकर टॉप विकेट टेकर हैं। गुजरात के प्रसिद्ध कृष्णा 17 विकेट लेकर दूसरे नंबर पर बने हुए हैं। नूर अहमद 15 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच गए। आज मुंबई के ट्रेंट बोल्ट 3 विकेट लेकर तीसरे स्थान पर आ सकते हैं।

### इनमें से चुनी जाएगी दोनों टीमें

**राजस्थान रॉयल्स:** यशस्वी जायसवाल, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, कुणाल सिंह राठौड़, रियान पराग, युद्धवीर सिंह चरक, नितीश राणा, संदीप शर्मा, तुषार देशपांडे, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय, क्वेना मफाका, वानिंदु हसरंगा, महेश थीक्षाना, फजलहक फारूकी, अशोक शर्मा, जोफ्रा आर्चर।

**मुंबई इंडियंस:** सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवॉन जैकब्स, रयान रिकेल्टन, रॉबिन मिंज, कृष्णन श्रीजीत, हार्दिक पंड्या, नमन धीर, राज बावा, विग्नेश पुथुर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, लिज़ाद विलियम्स, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान।

भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर का बड़ा बयान, अश्विन बोले-

## गाबा पर संन्यास का फैसला इसलिए लिया क्योंकि यह सर्कल दोहराना नहीं चाहता था

एजेंसी, नयी दिल्ली

भारत के पूर्व आफ स्पिनर आर अश्विन ने अपने सौवें टेस्ट के बाद संन्यास लेने का सोचा था लेकिन आस्ट्रेलिया दौरे के बीच में यह फैसला इसलिये लिया ताकि अंतिम एकादश में उनकी जगह को लेकर 'पूरा सर्कल' फिर से नहीं दोहराया जाये। चेन्नई सुपर किंग्स के नये पॉडकास्ट में अश्विन ने चेन्नई टीम के साथी खिलाड़ी माइक हस्सी से कहा कि उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में टीम में जगह नहीं मिलने के बाद संन्यास का फैसला कर लिया था। उस मैच में अश्विन की जगह वॉशिंगटन सुंदर को खेलने का मौका मिला।

अश्विन ने एडीलेड में दूसरा टेस्ट खेला लेकिन गाबा पर तीसरे टेस्ट में उन्हें मौका नहीं दिया गया जिसके बाद उन्होंने संन्यास का ऐलान किया। अश्विन ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं अपने सौवें टेस्ट (मार्च 2024 में धर्मशाला में) के बाद संन्यास लेना चाहता था। फिर मैने सोचा कि घरेलू सत्र में एक मौका और लेते हैं क्योंकि मैं अच्छा खेल रहा था, विकेट ले रहा था, रन बना रहा था। उन्होंने कहा, मैने सोचा कि चेन्नई टेस्ट (बांग्लादेश के खिलाफ) के बाद संन्यास लूंगा लेकिन फिर मैने छह विकेट लिये और शतक बनाया। अच्छा प्रदर्शन करते हुए छोड़ना बहुत मुश्किल होता है।



### मैं शारीरिक और मानसिक तौर पर कर रहा था काफी मेहनत

अश्विन ने कहा, मैं फिर खेलता गया और फिर हम न्यूजीलैंड से हार गए। फिर मैने सोचा कि चलो आस्ट्रेलिया दौरे पर देखते हैं कि प्रदर्शन कैसा रहता है। पिछली बार आस्ट्रेलिया दौरे पर मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा था। भारत के लिये 537 टेस्ट विकेट लेने वाले अश्विन ने कहा, मैं खेल का मजा ले रहा था लेकिन इसके लिये शारीरिक और मानसिक तौर पर काफी मेहनत कर रहा था। सबसे अहम बात थी कि मैं परिवार के साथ समय बिताना चाहता था। उन्होंने कहा, फिर जब पर्थ टेस्ट में जगह नहीं मिली तो मैने सोचा कि यह पूरा सर्कल फिर नहीं दोहराना है। लोगों की नजर में आपके जज्बात की बहुत कम कीमत होती है। वे नहीं समझते कि आप किन भावनाओं से गुजर रहे हैं। मैं संन्यास के बारे में सोच ही रहा था और फिर मुझे लगा कि यह सही समय है।

मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना



## कोर्ट में पेश न होने पर मलाइका को दी गई चेतावनी, जारी होगा गैर-जमानती वारंट

साल 2012 के सैफ अली खान से जुड़े एक होटल विवाद मामले में अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा गवाह के तौर पर कोर्ट में पेशी को कथित तौर पर नजरअंदाज कर रही हैं। इसे लेकर मुंबई की एक अदालत अभिनेत्री के प्रति नाराजगी जताई है। साथ ही चेतावनी जारी की है कि अगर वे जानबूझकर कानूनी कार्यवाही से बच रही हैं तो उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया जाएगा। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, मुंबई की एक अदालत ने इस बात को संज्ञान में लेते हुए कि अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा अपने सह-कलाकार सैफ अली खान से जुड़े साल 2012 के होटल विवाद मामले में गवाह के रूप में पेश न होकर जानबूझकर कानूनी कार्यवाही से बच रही हैं, उन्हें आखिरी मौका दिया है। साथ ही अदालत ने अभिनत्री को गैर-जमानती वारंट जारी करने की चेतावनी दी है। अदालत ने इस बात पर नाराजगी जताई है कि मलाइका अरोड़ा अपने खिलाफ जमानती वारंट जारी होने के कुछ दिन बाद भी 29 अप्रैल को कोर्ट में पेश नहीं हुईं। अदालत ने कहा कि मलाइका अरोड़ा को अपने खिलाफ जारी समन की जानकारी होने के बावजूद वह जानबूझकर अदालती कार्यवाही से बच रही हैं। दरअसल, 22 फरवरी 2012 को एक फाइव स्टार होटल में सैफ अली खान के साथ कथित तौर पर हुए विवाद की घटना के दौरान मलाइका अरोड़ा भी वहां मौजूद थीं।

## बेटी पलक की फिल्म स्क्रीनिंग पर पहुंचीं श्वेता तिवारी, यामिनी समेत कई सेलेब्स नजर आए

**फिल्म 'द भूतनी' में मौनी रॉय ने भूतनी का किरदार निभाया है, वहीं संजय दत्त एक घोस्ट हंटर के रोल में दिख रहे हैं। बुधवार को मुंबई में इस फिल्म की एक स्क्रीनिंग हुई। इस इवेंट में फिल्म की स्टार कास्ट और कई और सितारे भी शामिल हुए।**

**पलक तिवारी का दिखा देसी लुक** - फिल्म 'द भूतनी' में पलक तिवारी भी एक किरदार निभा रही हैं। वह फिल्म में सनी सिंह के अपोजिट नजर आएंगी। स्क्रीनिंग पर पलक तिवारी ग्रीन कलर के सूट में पहुंचीं। इस देसी लुक को उनके फैंस ने काफी पसंद किया।

**बेटी को सपोर्ट करने आई श्वेता** - पलक तिवारी टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी हैं। फिल्म 'द भूतनी' की स्क्रीनिंग पर बेटी को सपोर्ट करने के लिए श्वेता तिवारी भी आईं। वह अपने बेटे के साथ आई थीं। श्वेता ने भूतनी फिल्म के लोगो वाली एक टी शर्ट भी पहनी थी।



### यामिनी को भी देखा गया

फिल्म 'द भूतनी' की स्क्रीनिंग पर यामिनी मल्होत्रा को भी देखा गया। उनका हॉट लुक काफी चर्चा में रहा। स्क्रीनिंग से पहले वह पैपराजी को पोज देती दिखीं। यामिनी को बिग बॉस 18 में बतौर प्रतियोगी देखा गया था।

### शहनाज गिल भी पहुंचीं

द भूतनी की स्क्रीनिंग पर शहनाज गिल भी नजर आईं। पलक ने शहनाज को देखते ही गले लगा लिया। दोनों ने साथ में पैपराजी को पोज भी दिए।

### इब्राहिम अली भी नजर आए

फिल्म द भूतनी की स्क्रीनिंग पर सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान भी नजर आए। वह पलक तिवारी को सपोर्ट करने पहुंचे थे। दरअसल, दोनों के बीच अच्छी दोस्ती है। इनकी डेटिंग की खबर भी सुनने को मिलती है।



मेट्रो बाजार

## भारत-पाक तनाव का दिखा असर : महंगा हुआ केसर

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव का असर अब केसर की कीमतों पर भी दिखने लगा है। हाल के दिनों में हाई-क्वालिटी केसर की कीमत पिछले चार दिनों में 10त्न बढ़कर करीब ?5 लाख प्रति किलो तक पहुंच गई है। भारत में केसर की खपत काफी अधिक है लेकिन उत्पादन केवल 5 से 7 टन तक सीमित है, जबकि सालाना मांग लगभग 55 टन तक पहुंचती है। इस कमी की पूर्ति आमतौर पर ईरान और अफगानिस्तान से आयात के जरिये होती है लेकिन अटारी-वाघा बॉर्डर बंद होने और व्यापारिक रुकावटों के कारण केसर की सप्लाई प्रभावित हो रही है। वर्तमान में एक किलो केसर की कीमत 50 ग्राम सोने के बराबर है। चेन्नई स्थित बेल सैफ्रॉन के सह-संस्थापक नीलेश मेहता के अनुसार, पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सरकार ने यह बॉर्डर सील कर दिया, जो पाकिस्तान के साथ व्यापार का मुख्य रास्ता था। उन्होंने बताया कि इस फैसले से ईरान और अफगानिस्तान से होने वाली केसर की आपूर्ति बाधित हो गई है, जिससे हाई-क्वालिटी केसर की कीमत 4.25 लाख 4.50 लाख प्रति किलो से बढ़कर ?5 लाख प्रति किलो तक पहुंच गई है।



वहीं, ईरानी केसर की कीमतें कश्मीरी केसर की तुलना में कम होती हैं लेकिन आयात न हो पाने के कारण उसकी भी मांग और दाम दोनों बढ़ रहे हैं। वहीं कश्मीर में सीमेंट फैक्ट्रियों और प्रदूषण के चलते केसर की खेती पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। कृषि विभाग के अनुसार, केसर का फूल अत्यंत नाजुक होता है और धूल या प्रदूषण से जल्दी खराब हो जाता है। भारत में केसर का उपयोग मुख्यतः मिठाइयों और व्यंजनों में होता है। शादी-ब्याह और त्योहारों के सीजन में इसकी मांग कई गुना बढ़ जाती है,

## चीन के निर्यात ऑर्डर में अप्रैल में आई गिरावट, अमेरिकी शुल्क का प्रभाव

**हांगकांग।** चीन से उत्पादों के अमेरिकी आयात पर उच्च शुल्क का असर अब दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर दिखने लगा है। चीन के लॉजिस्टिक्स एंड परचेजिंग फेडरेशन द्वारा किए गए आधिकारिक सर्वेक्षण के अनुसार, अप्रैल में निर्यात ऑर्डर में कमी आई है। अमेरिकी प्रशासन ने चीनी वस्तुओं पर 145 प्रतिशत तक शुल्क लगाने का आदेश दिया है जिसका असर अब उसके निर्यात पर दिखने लगा है। हालांकि, चीन ने भी इसके जवाब में अमेरिकी वस्तुओं 125 प्रतिशत शुल्क लगाया है। इस बीच, आधिकारिक विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मार्च में 50.5 से फिसलकर 49.0 पर आ गया जो 16 महीने का सबसे निचला स्तर है। यह 50 से अधिक होने पर विस्तार और 50 से कम होने पर संकुचन दशार्ता है। वित्तीय सूचना समूह कैक्सिन द्वारा किए गए एक निजी सर्वेक्षण में यह 51.2 से गिरकर 50.4 पर आ गया।



कैपिटल इकोनॉमिक्स के जिचुन हुआंग ने रिपोर्ट में कहा, पीएमआई में गिरावट संभवतः शुल्क के प्रभाव को बढ़ा-चढ़ाकर दशार्ती है, लेकिन फिर भी इससे संकेत मिलता है कि बाहरी मांग कम होने से चीन की अर्थव्यवस्था दबाव में आ रही है। कैक्सिन रिपोर्ट के अनुसार, कुल मिलाकर अप्रैल में आपूर्ति और मांग में वृद्धि धीमी रही, निर्यात में कमी आई और रोजगार में थोड़ी कमी आई।

### कॉलेज के पास रेस्टोरेंट पर मुख्य आरोपी फरहान को लेकर पहुंची थी पुलिस

# मुख्य आरोपी फरहान गया जेल, अब रिमांड पर लेगी अन्य थानों की पुलिस

**रेस्टोरेंट में मिले सात कमरे, कमरों में मिले बेड, जांच के लिए किया सील**

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

**छात्राओं से यौन उत्पीड़न और ब्लैकमेलिंग कर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाले में मुख्य आरोपी फरहान की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी कराई गई और बाद में न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। दरअसल, कोर्ट में हिंदू संगठन और वकीलों के द्वारा दो दिन पूर्व हुए बवाल को देखते हुए पुलिस को वीडियो कांफ्रेंसिंग करानी पड़ी।**

फरहान के जेल जाने के बाद अब अशोका गार्डन पुलिस उसे रिमांड पर लेंगी। आरोपी के खिलाफ अशोका गार्डन थाने में 2 प्रकरण दर्ज है। दोनों ही प्रकरणों फरहान मुख्य आरोपी है। सभी प्रकरण बागसेवनिया पुलिस ने शून्य पर दर्ज किए थे। इसके बाद घटनास्थल के अनुसार ऐशबाग और जहांगीराबाद में प्रकरण भेज दिए गए। बागसेवनिया पुलिस ने पांच दिन की रिमांड पर फरहान से पूछताछ पूरी कर ली है। बागसेवनिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अहम सबूत इकट्ठे किए है। सूत्रों ने बताया कि अशोका गार्डन और जहांगीराबाद पुलिस फरहान से पूछताछ के लिए ट्रांजिट रिमांड ले सकती है।



### रेस्टॉरेंट पर पहुंची पुलिस की छानबीन

रायसेन रोड के जिस कॉलेज में सभी पीड़िताएं पढ़ती थी। उस कॉलेज से कुछ दूरी बने रेस्टॉरेंट, क्लब पर भी मुख्य आरोपी फरहान को लेकर पुलिस पहुंची थी। वहां पर आरोपी पीड़िताओं को लेकर पहुंचते थे। जांच के लिए जब पुलिस यहां पहुंची तो पुलिस भी हैरान रह गई, रेस्टॉरेंट के पीछे पुलिस को 7 कमरे मिले है। जिसमें बेड लगे हुए थे। अनुमान है कि इस रेस्टोरेंट में अनैतिक गतिविधियां चलती थी। रेस्टोरेंट को सील कर दिया गया है। रेस्टोरेंट मोहित बघेल नाम का युवक संचालित कर रहा था। इसमें कोई मछली व्यापारी की भी पार्टनरशिप है।

### अशोका गार्डन हुई पांचवी एफआईआर ट्रांसफर

फरहान और अली के खिलाफ सामुहिक दुष्कर्म और धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत जो प्रकरण दर्ज हुआ था। उसमें अशोका गार्डन का घटनास्थल होने के कारण केस डायरी अशोका गार्डन ट्रांसफर की गई। बागसेवनिया पुलिस ने मंगलवार को पांचवी पीड़िता की शिकायत पर उक्त मामला दर्ज किया था। पुलिस को वीडियो मिला था। उक्त वीडियो में आरोपी अली और फरहान पीड़िता से मारपीट करते हुए और उसका यौन शोषण करते हुए नजर आए है। वीडियो में पीड़िता उनसे रहम की गुहार लगाती नजर आ रही है। इस पर आरोपी उसे सिर कलम करने की धमकी दे रहे है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि एक ही कॉलेज में साथ पढ़ने के कारण फरहान से दोस्ती हो गई थी। गत वर्ष फरहान उसे बात करने के बहाने अशोका गार्डन सेमरा स्थित अपने कमरे पर लेकर पहुंचा। उसके साथ अली नाम का उसका दोस्त भी था। दोनों ने बात करने के बहाने अचानक कमरे बंद कर लिए। इसके बार उसके साथ रेप किया। इसका आरोपियों ने वीडियो बना लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने सिर कलम करने की धमकी भी दी थी।

### खुद को बताया सिक्योरिटी का मैनेजिंग डायरेक्टर

# एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर बीस हजार रुपए की ठगी, मामला दर्ज

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से बीस हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी नौकरी लगाने और ड्रेस के नाम पर फरियादी से बीस हजार रुपए ले लिए थे। बाकि की रकम नौकरी दिलाने के बाद देने की बात तय हुई थी। रुपए लेने के बाद भी जब नौकरी नहीं मिली तो फरियादी ने पुलिस को शिकायती आवेदन दिया था। आवेदन जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। अनुमान है कि आरोपी नौकरी के नाम पर अन्य लोगों से भी पैसे ऐंठे है।




पुलिस के अनुसार राघवेन्द्र द्विवेदी (55) पुष्पानगर, अशोका गार्डन में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायती आवेदन दिया था कि बबलू ठाकुर उर्फ थान सिंह लोधी से 19 सितंबर 2024 उसकी मुलाकात हुई थी। उसने कहा था कि मैं एम्स भोपाल में सिक्योरिटी गार्ड का मैनेजिग डायरेक्टर हूं और तुम्हारी नौकरी एम्स अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड में लगवा दूंगा। इसके लिए कुल अस्सी हजार रुपए का खर्च होगा। फिलहाल तुम बीस हजार रुपए दे दो। बबलू ठाकुर की बातों में आकर राघवेंद्र द्विवेदी ने 1 अक्टूबर 2024 को बबलू को बीस हजार रुपए सेंटर पाइंट जहांगीराबाद में नगद दिए। बाकि की रकम बाद में देने की बात हुई थी। बाद में आरोपी ने नौकरी नहीं लगवाई और पैसे भी वापस नहीं किए। राघवेंद्र का कहना है कि आरोपी बबलू ठाकुर उर्फ थान सिंह लोधी ने जहांगीराबाद में ऑफिस खोलकर रखा था। इन दिनों वह क्षरिया पटिया गांव दमोह में रह रहा है। जल्द ही पुलिस की टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जाएगी। पुलिस को अनुमान है कि आरोपी की गिरफ्तारी और एफआईआर होने के बाद आरोपी के खिलाफ और भी शिकायतें दर्ज हो सकती है।

### - कांग्रेस नेता यादव ने कृष्णा घाड़गे पर दर्ज कराया प्रकरण

# विधायक मसूद को धमकी देने और पाकिस्तानी एजेंट कहने वाले भाजपा नेता पर एफआईआर

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित एक्सट्रॉल चौराहा पर आमसभा को संबोधित करते समय मध्य विधायक आरिफ मसूद को जान से मारने की धमकी देने और पाकिस्तानी एजेंट कहने के मामले में भाजपा नेता कृष्णा घाड़गे के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। कांग्रेस नेता यशवंत यादव ने एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया कि इस प्रकार के भडकाऊ भाषण से समाज का माहौल खराब हो सकता है, अराजकता फैल सकती है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



पुलिस के अनुसार स्टेट बैंक कॉलोनी जहांगीराबाद निवासी यशवंत यादव (62) काग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष हैं और कारोबार भी करते हैं। 28 अप्रैल को उन्होंने फेसबुक अकाउंट पर एक वीडियो देखा, जिसमें भाजपा नेता कृष्ण घाड़गे 27 अप्रैल की रात करीब 9 बजे एक्सटॉल चौराहा जहांगीराबाद में आमसभा को संबोधित करते समय मध्य विधायक आरिफ मसूद को जान से मारने की धमकी देते नजर आ रहे हैं। वे कह रहें है कि कुत्तों को छोड़ेंगे नहीं। इस चौराहा पर मौजूद पाकिस्तानी एजेंट जो सुन रहे हैं, जैसे वाक्यों का इस्तेमाल किया। वीडियो के आधार पर यशवंत यादव ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि कृष्णा खाड़गे से पूछताछ की जाए कि वह कौन पाकिस्तानी एजेंट था जो चौराहा पर उपस्थित था और कृष्णा घाड़गे की बात सुन रहा था। भाजपा नेता से उस एजेंट का नाम पूछकर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उक्त वीडियो कृष्णा घाडगे के फेसबुक अकाउंट पर 28 अप्रैल को अपलोड किया गया है। फरियादी का कहना है कि इस प्रकार के भडकाऊ भाषण से समाज का माहौल खराब हो सकता है, अराजकता फैल सकती है। दंगे भड़क सकते हैं।

*आतंकवादी हमले में मरे 32 लोगों के लिए श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया था। इस दौरान सभा में मेरी द्वारा जो टिप्पणी की गई। उसमें आरिफ मसूद और उनके फैन्स को क्यों परेशानी हो रही है। हमने तो यह भी कहा था कि लव जिहाद करने वाले हिंदू बच्चियों को प्रेमजाल में फांसने और यौन उत्पीड़न करने वालों को घर में घुसकर मारेंगे। इससे आरिफ मसूद और उनके फैंस को क्या परेशानी है। तीन तलाक से लेकर वफ्फ बोर्ड जैसे अच्छे निर्णयों पर केवल आरिफ मसूद और उनके फैंस को ही क्यों परेशानी होती है।*

*कृष्णा खाड़गे, भाजपा नेता*

### पहलगाम हमले में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि



भोपाल के भानपुर चौराहे पर नरेंद्र पटेल मित्र मंडल द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में बीते 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में जवानों को दी गई श्रद्धांजलि।

## पति की मौत के दो महीने बाद पत्नी से दुष्कर्म



भोपाल. दोपहर मेट्रो।

सूखीसेवनिया पुलिस ने एक कल्याणी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बलात्कार और दैहिक शोषण का मामला दर्ज किया है। कल्याणी का आरोप है कि पति की दो महीने पहले ही मौत हुई थी। इस दौरान परिचित अरविंद जैन ने उसे शादी करने का प्रलोभन दिया और दो बच्चों के साथ उसे अपने घर ले गया था। दस दिन तक साथ रखने के बाद शारीरिक संबंध बनाए और बाद में घर से भगा दिया। पुलिस के अनुसार 27 साल की महिला अशोका गार्डन इलाके में रहती है। उसके दो बच्चे हैं। करीब दो महीने पहले उसके पति का निधन हो गया। उसने पुलिस को बताया कि अरविंद जैन से उसका पुराना परिचय है और बातचीत होती थी। पति की मौत के बाद अरविंद ने शादी करने का प्रलोभन दिया और दोनों बच्चों की परवरिश करने का कहा। आरोपी की बातों में आकर वह उसके घर सिद्ध नगर उसके साथ रहने के लिए चली गई। करीब दस दिन आरोपी ने उसे अपने साथ घर में रखा और उससे जबरन शारीरिक संबंध बनाए। बाद में शादी करने से इंकार कर दिया।

# सेकंड ईयर की छात्रा ने जहर खाकर दी जान

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित गांव देहरी में मंगलवार सुबह सेकंड ईयर की छात्रा ने जहर खाकर जान दे दी। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही मरने से पूर्व उसके बयान नहीं हो सके है। लिहाजा आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है कि परिजन के बयान के बाद ही आत्महत्या के कारण का खुलासा हो सकेगा। पुलिस ने बताया कि खुशी मीणा पिता विनोद मीणा (20) गांव देहरी, थाना सूखीसेवनिया में रहती थी और सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रही थी। मंगलवार सुबह उसने गेहूं में रखने वाली जहरीली गोली खा ली। उल्टी करने पर उसका भाई गौरव उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचा था। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। खुशी के पिता खेती किसानी करते हैं। उनका बड़ा बेटा गौरव है, जबकि मझली बेटी खुशी थी। खुशी से छोटा एक अन्य बेटा है।

# तीसरी मंजिल की बालकनी से गिरी 2 साल की मासूम, मौत

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित निरुपम रॉयल पाम के पास इंद्रा नगर मल्टी की तीसरी मंजिल से गिरकर दो साल चार महीने की बच्ची घायल हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए एम्स लेकर पहुंचे, वहां दो दिन चले इलाज के बाद बुधवार सुबह बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार राजेश राय निरुपम रॉयल पाम के पास इंद्रा नगर मल्टी में ईडब्ल्यूएस में थर्ड फ्लोर पर रहते हैं। वे औद्योगिक क्षेत्र अशोका गार्डन की एक कोल्डिंःक फैक्ट्री में काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनका पांच साल का बेटा है, जबकि दो साल चार महीने की बेटी शानवी राय थी। गत 28 अप्रैल सोमवार रात करीब 8 बजे शानवी फ्लैट की बालकनी में खेल रही थी, तभी अचानक नीचे गिर गई। करीब तीस फीट की ऊंचाई से वह नीचे सीसी रोड पर गिरी थी। उसे सिर समेत शरीर में गंभीर चोट थी। परिजन शानवी को लेकर एम्स पहुंचे, वहां उसका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान बुधवार सुबह शानवी की मौत हो गई।



### सब्जी बेचने वाले पर चाकू से किया हमला

भोपाल। हनुमानगंज इलाके में सब्जी का ठेला लगाने वाले एक व्यक्ति पर युवक ने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक 55 वर्षीय शादाब मंगलवारा में रहते हैं और नवबहार सब्जी मंडी में सब्जी का ठेला लगाते हैं। रात करीब ग्यारह बजे नदीम नामक लड़का उनके पास पहुंचा और पुरानी किसी बात को लेकर गाली-गलौज करने लगा। शादाब ने जब गाली देने से मना किया तो उसने चाकू से उन पर हमला कर दिया। शादाब के हाथ की कोहनी और सीने में चोट आई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।



# बैटरी ऑटो की टक्कर से अधेड़ व्यक्ति गंभीर घायल

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

हनुमानगंज इलाके में सड़क क्रास कर रहे एक अधेड़ व्यक्ति को बैटरी आटो के चालक ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार रामा गुप्ता (55) हनुमानगंज स्थित एक लॉज में रहते हैं और साइकिल पर समोसे बेचने का काम करते हैं। रात करीब पौने नौ बजे वह लॉज के पास ही सड़क क्रास कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार से आ रहे बैटरी आटो ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल रामा गुप्ता को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने के बाद राजगढ़ से भोपाल पहुंची रामा की बहन ने थाने जाकर टक्कर मारने वाले आटो चालक के खिलाफ एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई। बाइक की टक्कर से बुजुर्ग व्यक्ति घायल इधर पिपलानी इलाके में बाइक की टक्कर से स्कूटर सवार बुजुर्ग व्यक्ति घायल हो गए। जानकारी के अनुसार शांति निकेतन गोविंदपुरा निवासी भगवती प्रसाद पिछले दिनों सुबह करीब दस बजे अपनी स्कूटर से इंद्रपुरी से घर की तरफ जा रहे थे। इंद्रपुरी स्थित शनि मंदिर के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक चालक ने उनकी स्कूटर को टक्कर मार दी, जिससे वह स्कूटर समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया और बाद में थाने जाकर टक्कर मारने वाले अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई। हादसे के समय चालक बाइक लेकर मौके से भाग निकला था, इसलिए उसका नंबर नहीं देखा जा सका था।




शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, शिवाजी नगर, भोपाल
लड़कियों हेतु रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश
10 वीं एवं 12 वीं के पश्चात क्या करें ?
रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु जानकारी एवं प्रवेश पूर्व रजिस्ट्रेशन प्रारंभ आज ही सम्पर्क करे।
छात्राओं हेतु कैरियर काउंसलिंग

उपलब्ध कोर्सेस एवं सम्पर्क सूत्र:
1. आर्किटेक्चर एण्ड इंटीरियर डिजाइन (Arld) 9826649225, 9752333909
2. कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग ( CSE ) 9425008477, 9826489370
3. इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेलीकम्युनीकेशन इंजीनियरिंग ( ETE ) (IOT Based Project) 9826460982, 9617564231
4. फैशन टेक्नॉलाजी ( FT ) 9826523856, 9424411201
5. मार्डन आफिस मैनेजमेन्ट ( MOM ) 9826265705, 9827260600
अपने पसंद के कोर्स में एडमिशन के लिए ऊपर दिये नंबरों पर आज ही संपर्क करें या महाविद्यालय में विजिट करें।
G-12187/25

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022